Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 43 | शुक्रवार, 13 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### मोहन भागवत का बयान

## भारत के आर्थिक विकास में पशु चिकित्सकों की अहम भूमिका

नई दिल्ली।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि देश के आर्थिक विकास में पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वे अपनी पारंपरिक जिम्मेदारियों से परे जाकर व्यापक दृष्टिकोण अपनाएं। वह यहां एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। हाल ही में आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके समर्थन और विरोध दोनों में ही तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। उन्होंने सुझाव दिया कि विवादास्पद मुद्दों को हल करने के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोणों का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पशु चिकित्सा परिषद की स्थापना की वकालत की। उन्होंने कहा, ₹हमें इस क्षेत्र में ऐसे विशेषज्ञों की आवश्यकता है जिनके पास अपनी समस्याओं को उठाने के लिए अपनी परिषद और प्रशासनिक निकाय हो।



### 'सुशासन की कायम करें मिसाल'

## तिरुवनंतपुरम के पहले भाजपा मेयर को पीएम मोदी की सलाह



नई दिल्ली।

केरल में हाल में हुए शहरी निकाय चुनाव में जीते पार्षदों और तिरूवनंतपुरम के पहले भाजपा मेयर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुशासन की मिशाल पेश करने का निर्देश दिया है। दिल्ली दौरे पर आए नव निर्वाचित पार्षदों से मुलाकात करते हुए अपने आवास पर मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने केरल में बदलती हुई राजनीति का हवाला देते हुए अन्य राज्यों की तरह से आने वाले समय में राजग की सरकार बनने का भरोसा दिया।

**पीएम मोदी ने केरल के भाजपा पार्षदों से मुलाकात की**

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने पार्षदों को केरल में भाजपा कार्यकताओं के लंबे संघर्ष और पीड़ा का उल्लेख करते हुए कहा कि लंबे समय तक विचारधारा के नाम पर उन्हें निशाना बनाया गया। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता तमाम उत्पीड़न के बीच भी संयम और भरोसे के साथ काम करते रहे।

उन्होंने तिरूवनंतपुरम नगर पालिका में 46 सालों से काबिज सीपीएम की हार और भाजपा के मेयर बनने को केरल की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत बताते हुए कहा कि केरल की जनता सीपीएम और कांग्रेस दोनों के नेतृत्व वाली गठबंधन की सरकारों से उब चुकी है। केरल की राजधानी की कमान मिलने को एक सुअवसर बताते हुए केरल की जनता के सामने सुशासन की मिशाल कायम करने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्षदों को बताया कि सुशासन और विकास के कारण विभिन्न राज्यों में जनता भाजपा को बार-बार बहुमत देती रही है। केरल भी इससे अलग नहीं हो सकता है।

### मध्य प्रदेश में नाबालिग लड़की की शादी, 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में बाल विवाह पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन ने 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के विवाह के बाद बरातियों को रास्ते में घेरकर रुकवाया और सबको थाने लाकर विधिक कार्रवाई की।

इस विवाह में सहयोग करने वाले 25 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई। जिसमें वधु व वर पक्ष के स्वजन के अलावा विवाह में भोजन बनाने वाले हलवाई, टेंट संचालक और डीजे मालिक शामिल है।

## राज्यों के फंड कटौती वाले आरोप पर सीतारमण का दो टूक जवाब, कहा- 'रखा जा रहा एक-एक रुपये का हिसाब'

नई दिल्ली।

सामाजिक सेक्टर में राज्यों की तरफ से आवंटित फंड खर्च नहीं करने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम राज्यों को पैसा देने से पीछे नहीं हट रहे हैं लेकिन उन्हें उसका परिणाम भी दिखाना होगा।

यह जनता का पैसा है और उन्हें भरोसा दिलाना चाहते हैं कि उनके एक-एक रुपए का हिसाब रखा जा रहा है। गुरुवार को राज्य सभा में बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी पार्टी के नेताओं ने कहा था कि केंद्र सरकार कई स्कीम से जुड़े फंड में कटौती कर रही है और पैसा नहीं दे रही है। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र की तरफ से स्कीमों के लिए



फंड कटौती का आरोप गलत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच सोशल सेक्टर पर आवंटित किए गए 94,000 करोड़ से अधिक की राशि खर्च नहीं की गई। हजारों करोड़ रुपए बेकार रखे रह जाते थे। स्कीम में खर्च को लेकर राज्य अपनी हिस्सेदारी नहीं डाले और यह आरोप लगाना कि केंद्र पैसा नहीं दे रहा है, ठीक नहीं है। हमारे पास ऐसे मैकेनिज्म है जिससे साफ पता चल जाता है कि पैसा कहां जा रहा है। केंद्र ने किसी भी स्कीम का फंड बंद नहीं किया है। बजट चर्चा के दौरान विपक्ष की तरफ से मिडिल क्लास को सैंडिवच बनाने के आरोप पर वित्त मंत्री ने कहा कि मिडिल क्लास टैक्स पेयर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है जो दशार्ता है कि मिडिल क्लास की आय बढ़ रही है। वर्ष 2013-14 में 5.26 करोड़ लोग टैक्स देते थे। वित्त वर्ष 2024-25 में यह संख्या 12.13 करोड़ हो गई। इनकम टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या हर साल 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हमने आवंटन के साथ 16 नई स्कीम की घोषणा की तो पहले से जारी चार स्कीम को अतिरिक्त फंड दिया।

### सोने का भाव 1.60 लाख रुपये के करीब, चांदी की कीमतों में क्या बदलाव जानिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरार्फा बाजार में सोना 400 रुपये सस्ता होकर 1,60,900 रुपये पर पहुंचा। अमेरिका के मजबूत जॉब डेटा से फेड रेट कट की उम्मीदें टूटीं। कोटक सिक्योरिटीज के मुताबिक चांदी में 1980 के बाद सबसे ज्यादा अस्थिरता। शादी-ब्याह के सीजन के बीच सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि चांदी के बाजार में भारी अस्थिरता देखने को मिल रही है। कमजोर वैश्विक संकेतों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों ने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, जिसका सीधा असर सरार्फा बाजार पर पड़ा है। गुरुवार को दिल्ली में सोने की कीमतें गिर गईं।

### कांग्रेस ने कसी कमर, रमेश चेन्निथला चुनाव समिति के अध्यक्ष, शशि थरूर को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी



नई दिल्ली।

केरल विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि पार्टी अध्यक्ष ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कैंपेन कमेटी और मैनिफेस्टो कमेटी को मंजूरी दी है। इसके तहत रमेश चेन्निथला और शशि थरूर को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कैंपेन कमेटी और मैनिफेस्टो कमेटी बनाने के प्रस्ताव को तुरंत प्रभाव से मंजूरी दे दी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अभियान समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी रमेश चेन्निथला को दी है। वहीं डॉ. शशि थरूर को सह-अध्यक्ष बनाया है, शफी परम्बिल को संयोजक, हिबी ईडन, रोजी एम जॉन, सी.आर. महेश, मैथ्यू कुझालनादन, राम्या हरिदास, एम. लिजू, दीप्ति मैरी वर्गीस समिति की सदस्य बनाई गई हैं। घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष का प्रभार बेनी बेहनन और कोडिक्कुन्निल सुरेश को सह-अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है। वहीं डीन कुरियाकोसे, एडवोकेट जेबी माथेर को समिति का सदस्य बनाया गया है। शशि थरूर की नियुक्ति का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह उनके द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी से अपनी शिकायतों के निवारण के लिए मुलाकात करने के कुछ दिनों बाद हुई है। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा था कि ₹सब ठीक है₹ और ₹हम सभी एक ही राय पर हैं₹।

**केरल चुनाव**

### चीन-पाक में बढ़ी बेचैनी

## भारत बनाने जा रहा धांसू फाइटर जेट, रोल्स रॉयस देगा इंजन

नई दिल्ली।

रोल्स रॉयस भारत में अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के इंजन का निर्माण स्थानीय स्तर पर करेगी। खास बात यह है कि यह परियोजना किसी भारतीय कंपनी के साथ मिलकर तैयार की जाएगी और इसमें प्रयोग की जाने वाली तकनीकी का पूरी तरह हस्तांतरण भी किया जाएगा।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कंपनी के सीईओ टुफान एर्गिनबिलगिक ने गुरुवार को एक रणनीतिक रोडमैप पेश किया। इस पहल के तहत रोल्स रॉयस भारत में अपने कार्यबल को दोगुना से ज्यादा करके लगभग 10,000 लोगों तक पहुंचाने और लोकल सप्लाई चेन सोर्सिंग में 10 गुना बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है।



**भारत में आपूर्ति 10 गुना बढ़ाएगी**


सीईओ ने कहा, 'जैसे-जैसे हम भारत के रक्षा, विमानन और ऊर्जा सेक्टर में अपनी भागीदारी बढ़ाएंगे, वैसे-वैसे हम भारत में अपने इकोसिस्टम का विस्तार करेंगे।' सीईओ ने कहा, 'भारत के लिए हमारी महत्वाकांक्षा देश में हमारी दशकों पुरानी उपस्थिति, हमारे बढ़ते फुटप्रिंट, हमारी गहरी इंडस्ट्री पार्टनरशिप और एडवांस टेक्नोलाजी की मजबूत नींव पर खड़ी है।' फिलहाल 1,400 से ज्यादा रोल्स रॉयस इंजन अलग-अलग डिफेंस प्लेटफार्म पर काम कर रहे हैं। इसमें भारतीय वायुसेना और नौसेना के जगुआर कांबैट एयरक्राफ्ट और हाक ट्रेनर, आर्मी के अर्जुन मेन बैटल टैंक और इंडियन नेवी और कोस्ट गार्ड के कई तरह के जहाज और सबमरीन (इसमें मशहूर एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट और पी17 अल्फा फ्रिगेट शामिल) हैं।

## लाल किला ब्लास्ट में जैश का हाथ, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बेनकाब हुआ पाकिस्तान

नई दिल्ली।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि लाल किले के पास 2025 में हुए विस्फोट में जैश-ए-मोहम्मद की भूमिका उजागर करने वाली संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट में सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं को ध्यान में रखा गया है।

साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट का संज्ञान लिया है,




जिसमें लाल किला विस्फोट मामले में जैश-ए-मोहम्मद की भूमिका को उजागर किया गया है। इस रिपोर्ट में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के संबंध में भारत के सुझावों पर भी ध्यान दिया गया है।

## कैरेबियाई सागर में अमेरिकी नौसेना के दो जहाज टकराए

**नई दिल्ली।** कैरेबियाई सागर में अमेरिकी नौसेना के दो बड़े जहाज आपस में टकरा गए। बताया जा रहा है कि ईंधन भरने (रिफ्यूलिंग) के दौरान यह हादसा हुआ।

अर्ले बर्क-क्लास विध्वंसक यूएसएस ट्रक्सटन और आपूर्ति पोत यूएसएस सप्लाई के बीच हुई इस दुर्घटना में दो नाविक मामूली रूप से घायल हुए, जबकि दोनों जहाज सुरक्षित हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, ईंधन भरते समय एक अमेरिकी युद्धपोत और नौसेना का एक आपूर्ति पोत टकरा गए। अमेरिकी दक्षिणी कमान (यूएस साउदर्न कमांड) के प्रवक्ता कर्नल इमैनुअल आर्टिज ने बताया कि अर्ले बर्क श्रेणी के विध्वंसक यूएसएस ट्रक्सटन और त्वरित लड़ाकू सहायता पोत यूएसएस सप्लाई समुद्र में रसद आपूर्ति के दौरान आपस में टकरा गए। घायल कर्मी खतरे से बाहर है और दोनों जहाज अपनी यात्रा जारी रखने में सक्षम हैं। टक्कर का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है और इसकी जांच जारी है।




## संपादक की कलम से

# डील के कई विरोधाभास


ललित शर्मा
संपादक

अमरीका से कृषि उत्पाद भारत में आएंगे और गेहूं, ज्वार, जौ, बाजरा, ओट्स, चावल, मक्का आदि बाजार में नहीं आएंगे। डेयरी क्षेत्र में भी अमरीका भारत के बाजार में प्रवेश करेगा, लेकिन हमारे किसान, उद्यमी और एमएसएमई सुरक्षित और संरक्षित रहेंगे। ऐसा आश्वासन प्रधानमंत्री मोदी ने भी दिया है। व्यापार समझौते का जो मसविदा, ढांचा सामने आया है, बेशक वह अंतरिम है, लेकिन कई विरोधाभासों वाला है। गेहूं, चावल, मक्का, सोयाबीन, पॉल्ट्री, मीट, केला, स्ट्राबेरी, चेरी, हरा मटर, मूंग, काबुली चना, तेल के बीज, तंबाकू, इथनॉल और डेयरी उत्पादों पर अमरीका हमें कोई छूट और रियायत नहीं देगा। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल दावा कर रहे हैं कि दूध, क्रीम, छाछ, मक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर आदि डेयरी उत्पाद अमरीका से भारत में नहीं आएंगे। मसाले भी नहीं आएंगे, लेकिन समझौते के मसविदे, ढांचे में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि दूध, जीएस गेहूं एवं मक्का, सोयाबीन आदि उत्पाद अमरीका भारत में नहीं भेजेगा। समझौते में कई गंभीर विरोधाभास हैं। अर्थात अमरीका हमारे कृषि और डेयरी क्षेत्रों में भी अपना कारोबार करेगा। क्या भारतीय किसान अमरीकी किसानों की प्रतिस्पर्द्धा में टिक सकेंगे? अमरीकी किसानों की लागत भारतीय किसानों की तुलना में बहुत कम है, क्योंकि उन्हें अरबों की सबसिडी दी जाती है, जबकि भारतीय सबसिडी ऊंट के मुंह में जीरा समान है। क्या एसबीआई की रपट बिल्कुल सही, सटीक साबित होगी और भारतीय किसानों, पशुपालकों को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ सकता है? बहरहाल मार्च मध्य में जब समझौते का अंतिम मसविदा सार्वजनिक होगा और जिस पर दोनों देशों के प्रतिनिधि हस्ताक्षर करेंगे, तब तक कुछ और संशोधन किए जा सकते हैं, लेकिन मोटे तौर पर व्यापार समझौते की शर्तें तय हो चुकी हैं। लिहाजा सबसे संवेदनशील सवाल यह है कि क्या अमरीका को उन क्षेत्रों में घुसने की अनुमति दे दी गई है, जिन पर भारत सरकार साफ इंकार करती रही है? एक बार अमरीकी उत्पादों का भारत में सैलाब आएगा, तो फिर वह रुकने वाला नहीं है? क्या भारत सरकार अमरीकी कृषि और डेयरी उत्पादों पर इतना टैरिफ लगा सकती है कि वे भारतीय बाजार में, हमारे किसानों के साथ, प्रतिस्पर्द्धा करने में पिछड़ जाएं? समझौते के मसविदे से तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगता। बहरहाल अभी तो हमें प्रधानमंत्री मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयानों और दावों पर भरोसा करना चाहिए। रूस के कच्चे तेल से जुड़ी अमरीका की चेतावनी भी बेहद गंभीर है। सवाल है कि भारत किस देश से, कितना तेल–गैस आदि, खरीदता है, इस संप्रभु निर्णय में अमरीका का दखल क्यों होना चाहिए? राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा प्रशासनिक आदेश भी जारी कर दिया है कि यदि भारत, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, रूस से तेल खरीदता पाया जाता है, तो उस पर 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ एक बार फिर लगाया जा सकता है। इस बिंदु पर भारतीय वातार्कार सहमत क्यों हुए? रूस भारत का पुराना और आजमाया हुआ मित्र–देश है। भारत ने जनवरी, 2026 में भी रूस से 251 टन तेल प्रतिदिन खरीदा है। बेशक भारत ने रूसी तेल की खरीद कम की है, लेकिन यह भी गौरतलब तथ्य है कि रूसी तेल खरीदने से भारत को बीते 40 माह में 1.53 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। तेल का यह कारोबार रुपए–रुबेल में हुआ है। अप्रैल–मई तक का रूसी तेल का हमारा ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप को बखूबी जानकारी होगी। फिर भी उन्होंने टैरिफ थोपने वाला आदेश जारी क्यों किया है? भारत–अमरीका समझौते के संदर्भ में एक गलत और पूर्वाग्रही व्याख्या की जा रही है। समझौते का अंतरिम ढांचा देश के सामने है, फिर भी किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन का फैसला लिया है।

# डीपफेक का धोखा और डिजिटल सख्त नियमों की अनिवार्यता





ललित गर्ग

डिजिटल युग में सूचना की गति जितनी तीव्र हुई है, उतनी ही तेजी से भ्रम, छल और दुष्प्रचार की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि चेहरों, आवाजों और भाव-भंगिमाओं से भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने डीपफेक और एआई जनित सामग्री के नियमन के लिए आईटी नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है। बीस फरवरी से लागू होने जा रहे नए प्रावधानों के अनुसार एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा और किसी भी अवैध या भ्रामक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना या ब्लॉक करना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। यह बदलाव केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि डिजिटल नैतिकता और लोकतांत्रिक जवाबदेही की दिशा में एक गंभीर हस्तक्षेप है। पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग भयावह रूप से सामने आया है। राजनीतिक नेताओं के फर्जी वीडियो, अभिनेत्रियों की अश्लील रूप से परिवर्तित तस्वीरें, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले ऑडियो क्लिप और आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बनाए गए कृत्रिम संदेश-ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक तटस्थ नहीं रहती, उसका उपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव हैं। जब सत्य को जूता जा रहा हो और झूठ को परिष्कृत तकनीक के सहारे प्रमाणिकता का आवरण पहनाकर प्रस्तुत किया जा रहा हो, तब समाज में अविश्वास का वातावरण बनना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नियंत्रण की पहल आवश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि यह केवल अभिव्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है। नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बढ़ाई गई है। अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता को यह जानकारी मिले कि साझा की जा रही सामग्री एआई से निर्मित है या नहीं। इससे पारदर्शिता का एक न्यूनतम मानक स्थापित होगा। साथ ही, तीन घंटे की समयसीमा यह संकेत देती है कि सरकार डिजिटल अपराधों की गंभीरता को समझ रही है। डीपफेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि ह्वआपत्तिजनकह्व या ह्वभ्रामकह्व सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलाधिकार है। यदि नियमन की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत नहीं होगी, तो इसके दुरुपयोग की आशंकाएँ जन्म लेंगी। अतीत में भी यह देखा गया है कि जब-जब सोशल मीडिया पर नियंत्रण के प्रयास हुए, तब कुछ वर्गों ने इसे सरकारी अतिक्रमण के रूप में प्रस्तुत किया। इसलिए नियमन और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का प्रयोग असहमति को दबाने के लिए नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दुष्प्रचार और अपराध को रोकने के लिए हो। इस दिशा में स्वतंत्र निगरानी तंत्र, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य घटक हो सकते हैं। वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है। एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए। भारत के संदर्भ में यह विषय और भी संवेदनशील है। यहाँ डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व विस्तार पाया है। करोड़ों नए उपयोगकर्ता प्रतिवर्ष ऑनलाइन आ रहे हैं। ऐसे में यदि असली और नकली के बीच का फर्क स्पष्ट न रहे तो लोकतांत्रिक विमर्श ही संदिग्ध हो जाएगा। चुनावी प्रक्रिया, सामाजिक सद्भाव, आर्थिक लेन-देन और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा-सभी पर डीपफेक का खतरा मंडरा सकता है। इसलिए एआई जनित सामग्री पर लेबलिंग का प्रावधान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सूचना साक्षरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि लेबलिंग तभी प्रभावी होगी जब आम उपयोगकर्ता डिजिटल साक्षर हो। अन्यथा वह लेबल को समझे बिना ही सामग्री साझा करता रहेगा। आगामी ई-समिट और भारत के ह्यइंडिया एआई मिशनह्व के संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक का विकास पारदर्शिता, शुद्धता और प्रमाणिकता के मूल्यों के साथ हो। यदि भारत वैश्विक एआई नेतृत्व का दावा करना चाहता है, तो उसे नैतिक मानकों की स्थापना में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। केवल स्टार्टअप्स और नवाचार की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि एआई मानव गरिमा, गोपनीयता और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करे। नियमन का उद्देश्य तकनीकी प्रगति को रोकना नहीं, बल्कि उसे उत्तरदायी बनाना होना चाहिए। अंततः यह समझना होगा कि डीपफेक और एआई का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक भी है। कानून आवश्यक है, परंतु पर्याप्त नहीं। डिजिटल कंपनियों की जवाबदेही, सरकार की पारदर्शिता, न्यायपालिका की सतर्कता और नागरिकों की जागरूकता-इन सबका समन्वय ही इस चुनौती का स्थायी समाधान दे सकता है। यदि नियमन संतुलित और निष्पक्ष होगा तो वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के बजाय उसे सुरक्षित करेगा, क्योंकि स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह सत्य और जिम्मेदारी के साथ जुड़ी हो। झूठ को सच में बदलने की तकनीकी क्षमता जितनी बढ़ रही है, उतनी ही दृढ़ता से सत्य की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प भी आवश्यक है।

## डोरी विश्वास की
## कविता



शीर्षक – डोरी विश्वास की

बहुत नाजुक है डोरी विश्वास की
बनाती ये रिश्तों को बेहद खास,
सजीव होते हैं दिलों के सब भाव
हो चाहे कितने दूर चाहे हो पास।

कोई तो है मिला ईश्वर के जैसा
दिल में होता हैं ये प्यारा आभास,
दिल की जमीं और प्रेम की मिट्टी
सुख दु:ख का मिश्रित एहसास।

सम्बन्धों की ये सुंदर सी बगिया
हर फूल जिसका होता हैं खास,
रंग रूप रचना हैं अलग–अलग
पर प्रेम भरी मनमोहक मिठास।

अटूट होता हैं ये विश्वास का रिश्ता,
नहीं लेता कभी जीवन से संन्यास,
आत्मा का बेशकीमती ये अलंकरण
छवि जिसकी मस्त मौला सी बिंदास।

दस्तक देती है द्वार पर खुशियॉं
उत्साह ₹आनंद₹ से भरी हर श्वास,
आखिरी घड़ियों तक इस रिश्तें का,
मन में होता खुबसूरत इक निवास।

# घुटनों के दर्द को न करें नजरअंदाज, बढ़ सकता है



घुटनों में होने वाली किसी भी समस्या का असर आपके पूरे शरीर पर पड़ सकता है। समय रहते इसके कारणों को समझना और सही इलाज बेहद जरूरी होता है। यदि इसको नजरअंदाज किया जाता है, तो सर्जरी तक की नौबत आ सकती है।

आज के समय में घुटनों और जोड़ों के दर्द की समस्या आम होती जा रही है। पहले यह समस्या बुजुर्गों में देखी जाती थी। लेकिन आजकल जिस तरह की लोगों की लाइफस्टाइल हो गई है। युवाओं में भी जोड़ों की समस्याएं काफी बढ़ गई हैं। अधिक वेट, ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करना, फिजिकल एक्टिविटी में कमी की कारण बड़ी संख्या में लोग दर्द से परेशान हैं। घुटना हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण जोड़ होता है। जोकि उठने-बैठने, चलने, रोजमर्रा के कामों और सीढ़ियां चढ़ने जैसे कामों में मदद करता है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है हँयही वजह है कि घुटनों में होने वाली किसी भी समस्या का असर आपके पूरे शरीर पर पड़ सकता है। समय रहते इसके कारणों को समझना और सही इलाज बेहद जरूरी होता है। यदि इसको नजरअंदाज किया जाता है, तो सर्जरी तक की नौबत आ सकती है। जोड़ों और घुटनों के दर्द की सबसे बड़ी वजह ऑस्टियोआर्थराइटिस है। इसमें समय के साथ जोड़ों की कार्टिलेज घिसने लगती है। इसलिए इस तरह की समस्याओं से बचने के लिए कम उम्र से ही सतर्क हो जाना चाहिए। इसे भी पढ़ेंः ा जड़ से मिटाएगा ये रपूरे शरीर पर होता है असर घुटनों का दर्द आपके पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। दर्द की वजह से चलना-फिरना कम हो जाता है, जिस कारण मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। फिजिकल एक्टिविटी कम होने से वेट बढ़ता है और शुगर, हृदय और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वहीं घुटनों में होने वाला दर्द गंभीर नहीं होता, लेकिन ऑस्टियो आर्थराइटिस, चोट और जोड़ों में तनाव आदि का यदि समय रहते इलाज नहीं किया जाता है, तो यह गंभीर रूप ले सकता

**व्यायाम है जरूरी**

नियमित रूप से व्यायाम की आदत घुटनों की समस्या को कम करने में कारगर साबित हो सकती है। क्वाड्रिसेप्स, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम और हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों को केंद्रित करती है। जिससे दर्द को कम करने में मदद मिलती है। बॉडी के सक्रिय रहने से वेट को कंट्रोल करने और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है। इससे आप अपने घुटनों को स्वस्थ रख सकते हैं। गठिया जैसी दिक्कतों से बचने के लिए व्यायाम की भूमिका अहम है।

**ऐसी डाइट लें**

आपको ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट जैसे अलसी, अखरोट और मछली सूजन को कम करने में सहायता करते हैं। वहीं विटामिन डी और कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इससे भरपूर चीजों को नियमित रूप से अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। यह पोषक तत्व शरीर को हेल्दी रखने के साथ घुटनों की समस्या को भी कम करते हैं। वहीं प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक-शुगर सूजन को बढ़ा सकते हैं। इसलिए इनके सेवन से बचना चाहिए।

**कंट्रोल में रखें वजन**

शरीर का अधिक वजन घुटने के दर्द को बढ़ाने वाला हो सकता है। यह गठिया के एक कारणों में से एक है। वेट ज्यादा होने से जोड़ों पर दबाव बढ़ता है और वहां की मांसपेशियां प्रभावित हो सकती हैं। शोधकताओं के मुताबिक अगर नियमित रूप से व्यायाम किया जाए, तो वेट कंट्रोल में रखने और आर्थराइटिस के खतरो को काफी हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।

**सही जूतों का चयन**

आमतौर पर हम सभी ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन खराब क्वालिटी वाले जूते, ऊंची एड़ियों वाली सैंडिल भी घुटनों और जोड़ों की समस्याओं की वजह बन सकती है। इसलिए आरामदायक और अच्छे जूते पहनें। जिन लोगों को गठिया की समस्या है, उनको इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। सही जूते एड़ी और घुटनों की कई समस्याओं से बचाने में आपके लिए मददगार हो सकते हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर मे पहाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन


**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर मे कक्षा उदय से पंचम तक के भैया बहनों का पहाड़ा प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें भैया बहनों ने अपनी क्षमताओं से भी अधिक पहाड़ी लिखकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा पंचम के भैया बहनों ने केवल 15 मिनट में 48 से अधिक पहाड़े लिखकर अपने-अपने वर्गों में लिखित और मौखिक के आधार पर स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम से कक्षा उदय तक क्रमशः तृप्ति यादव प्रेम सिंह हर्षल शौर्य श्रेष्ठ वंश अंश आयुष शिवांगी यादव कुणाल और वैदिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही गौरव वंश कुमार हार्दिक कृष्णा आदित्य मिस्त्री हर्ष, तनप्रीत, अश्वत, आरुष और दिविषा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन इलमा परवीन, तनिष्क पाल, लकी, इशिका आरुष जानवी कुंज आस्था देवांशी, चेतन और प्रियांशु रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को प्रतियोगिता का महत्व समझाते हुए आगे भी प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रदेश सरकार द्वारा बजट मे एक बार फिर किसानो को निराशा हाथ लगी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गौतम सिंह लम्बरदार ने बताया कि खेती मे जो लागत आ रही है वो लगातार बढ रही है जबकि खेती लागत के हिसाब से फसल के बाजिब दाम किसान को नही मिल रहे है। बजट किसान के कर्ज को बढाने की बात करता है पर असल मे किसान अपनी फसल के उचित दाम चाहता है। अगर किसान को फसल के अचछे दाम नही मिलते है तो किसान बर्बाद हो जायेगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# स्योहारा में अल्वी बिरादरी की ऐतिहासिक बैठक, शिक्षा और सामाजिक एकता के लिए लिया गया बड़ा संकल्प

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** स्योहारा मोहल्ला शेरखान स्थित पूर्व डिप्टी एसपी इकबाल जमा साहब के कैंप कार्यालय में आज अल्वी बिरादरी की एक भव्य एवं ऐतिहासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य बिरादरी को संगठित करना, नई पीढ़ी को शिक्षित और जागरूक बनाना तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना रहा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अल्वी बिरादरी का गौरवशाली इतिहास रहा है और अब समय आ गया है कि समाज शिक्षा, एकता और अनुशासन के बल पर नई ऊंचाइयों को छुए विशेष रूप से बच्चों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और प्रशासनिक सेवाओं की ओर प्रेरित करने का आह्वान किया गया। बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता को भी प्राथमिकता देने का संकल्प लिया गया सामाजिक सुधार के तहत शादियों में बारात के समय से देर से पहुंचने, फिजूलखर्ची और अनावश्यक दिखावे जैसी परंपराओं पर भी गंभीर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिरादरी में सादगीपूर्ण, समयबद्ध और अनुशासित विवाह समारोह को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए इस ऐतिहासिक अवसर पर बिरादरी के संगठन को मजबूत स्वरूप देने के लिए पदाधिकारियों का विधिवत गठन किया गया मलिक अख्तर अल्वी को संरक्षक, राशिद अली अल्वी को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर अनीश अल्वी, कुर्बान अल्वी एवं नजाकत हुसैन अल्वी को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि नीलोफर को महिला उपाध्यक्ष बनाया गया महामंत्री पद की जिम्मेदारी अकरम अल्वी को दी गई। मंत्री पद पर अथर अल्वी, मोहम्मद जमशेद अल्वी और अमीर उमर अल्वी को मनोनीत किया गया। महिला मंत्री के रूप में निषाद को जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर कमरुज्जमा को नियुक्त किया गया। एडवोकेट कमरुज्जमा को कानूनी सलाहकार तथा जुबेर हसन अर्शी को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

सदस्य गण में अशरफ अल्वी, शकील अहमद, नफीस अहमद अल्वी, सलीम अल्वी और इस्तर अल्वी सहित अन्य सक्रिय सदस्य शामिल किए गए। बैठक में पूर्व डिप्टी एसपी (सेवानिवृत्त) इकबाल जमा, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद राशिद, नसरुद्दीन, विरासत हुसैन, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद शान, खिलाफत, आसिफ अख्तर अल्वी, महमूद अल्वी, मोहम्मद वसीम, अरशद, असलम, दिलशाद, नजाकत, हनीफ, मोहम्मद शरीफ, सरताज, इफ्तेखार, करीब अल्वी, इकरार अल्वी, नफीस अल्वी और फहीम सहित बड़ी संख्या में बिरादरी के जिम्मेदार लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जिला स्तरीय गौ-संरक्षण समिति की बैठक, गौशालाओं में स्वच्छता, चारा-पानी और सीसीटीवी अनिवार्य

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर** कलेक्ट्रेट सभागार में ब्रहस्पतिवार अपराह्न 1:00 बजे जिला स्तरीय गौ-संरक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी अस्थायी एवं स्थायी गौशालाओं में स्वच्छता, पर्याप्त चारा और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय स्थलों में संरक्षित करते हुए संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने को कहा गया। अधिकारियों को गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक गौशाला के प्रवेश-निकास द्वार और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया, ताकि गोवंश की सुरक्षा और देखभाल पर सतत नजर रखी जा सके। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को चिन्हित कर नजदीकी अस्थायी या स्थायी गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। चारागाह की भूमि से अवैध कब्जे हटाकर वहां नेपियर घास सहित हरा चारा उगाने को कहा गया। साथ ही संरक्षित गोवंश का शत-प्रतिशत टीकाकरण और ईयर-टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आगरा पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार द्वारा यातायात कंट्रोल रूम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



आगरा से संवाददाता मयूर खान

**जनपद आगराः**- पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार द्वारा यातायात कंट्रोल रूम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य शहर की वर्तमान यातायात व्यवस्था, तकनीकी संसाधनों के उपयोग तथा मॉनिटरिंग प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त, यातायात ने कंट्रोल रूम में स्थापित अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील मार्गों की यातायात स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने यातायात की सुचारु आवाजाही, जाम की स्थिति, सिग्नल संचालन, ई-चालान प्रक्रिया तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की निगरानी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली(फी२स्त्रङ्घल्लरी र८२३ी) तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की जाम अथवा दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित फील्ड स्टाफ के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखा जाए। पुलिस उपायुक्त, यातायात ने पीए(ढ४ह्व ीअि१२२) सिस्टम के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यातायात नियमों के प्रति आमजन को नियमित रूप से जागरूक किया जाए। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा रेड लाइट जंप जैसे उल्लंघनों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कळटर के माध्यम से प्राप्त डेटा के विश्लेषण को और अधिक प्रभावी बनाने, सिग्नल टाइमिंग को ट्रैफिक लोड के अनुसार समायोजित करने तथा पीक आवर्स में विशेष मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया गया। अंत में पुलिस उपायुक्त, यातायात सोनम कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया तथा आमजन से भी यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

# जनगणनाझ्र2027 की तैयारियों को लेकर डीएम जसजीत कौर ने ली समन्वय समिति की बैठक

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**बिजनौर** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में ब्रहस्पतिवार दोपहर 1:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणनाझ्र2027 की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की अत्यंत महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन करती है। उन्होंने निर्देश दिए कि हाउस लिमिट ब्लॉक्स (ल्छइ२) के अंतर्गत होने वाले कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए सुपरवाइजर एवं प्रगणकों की सूची शीघ्र तैयार कर ली जाए, ताकि उन्हें समय पर प्रशिक्षण दिया जा सके। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। इसके बाद भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार दूसरे चरण की कार्यवाही पूरी की जाएगी। इस बार पूरी जनगणना डिजिटल मोड में होगी, जिसमें प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए घर-घर जाकर डेटा एकत्र करेंगे। साथ ही नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी दी जाएगी, जिससे वे वेब पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित मानकों और दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तय समयसीमा में दायित्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। आवश्यक संसाधन, कार्मिकों की तैनाती, प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने को भी कहा गया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे जनगणना के दौरान आने वाले प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करें। बैठक में जिला प्रभारी जनगणना जेपी यादव ने जनगणनाझ्र2027 की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी और अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षकों और गणनाकारों का चयन शीघ्र कर चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जाएगा। आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस पूरी तरह कावड़ियों की सेवा में तत्पर: चंदगीराम

वेलकम इण्डिया




**शिकारपुर**/महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था में पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहे है ।महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु जगह जगह प्वाइंटों पर पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव बरासऊ में प्राचीन शिव मंदिर पर हजारों की संख्या में कावड़िया हरिद्वार एवं अनूपशहर छोटी काशी से जल भरकर भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करते हैं ।जिसकी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा शिकारपुर कोतवाली पुलिस के कंधों पर है मेला में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं सीसीटीवी कैमरे बैरिकेडिंग जगह जगह प्वाइंटों पर लगाएं गए हैं जहां पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं मेला में वर्दी धारी पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मियों के साथ साथ सिविल ड्रेस में भी पुलिस तैनात रहेगी। जोकि मेला में शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखेंगे मंदिर प्रांगण और मेला में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। अस्थाई कंट्रोल रूम में टीम की ड्यूटी लगाई जाएगी जोकि 24 घंटे मेला में हर व्यक्ति की गतिविधि पर नजर रखेगी। साथ ही किसी भी पुलिस कर्मी की ड्यूटी के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्रीय कावड़ियों से अपील की है कि शांतिपूर्वक तरीके से जलाभिषेक करें किसी भी तरीके की कोई परेशानी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# एनसीएलएटी कोर्ट नई दिल्ली पहुँचा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रतिनिधिमंडल, किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**नई दिल्ली**। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में एनसीएलएटी (ठउछअळ) कोर्ट नई दिल्ली पहुँचा, जहाँ जज साहब को ज्ञापन सौंपकर किसानों एवं मजदूरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया ।ज्ञापन में प्रमुख रूप से शुगर मिलों पर किसानों के बकाया भुगतान और मिलों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सिंभावली शुगर मिल पर किसानों का पहले सत्र का लगभग 12 करोड़ रुपये तथा वर्तमान सत्र का करीब 250 करोड़ रुपये बकाया है। साथ ही शुगर फैक्ट्री के एक माह पहले बंद होने की आशंका जताई गई और सिंभावली की शराब फैक्ट्री भी बंद होने की कगार पर बताई गई ।इसी प्रकार बृजनाथपुर शुगर मिल पर पहले सत्र का लगभग 14 करोड़ रुपये और वर्तमान सत्र का 86 करोड़ रुपये किसानों का बकाया बताया गया। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार टरबाइन खराब होने के कारण यह मिल एक माह तक बंद रही और अब लगभग 25 दिन पहले बंद होने की स्थिति में है। यहाँ की शराब फैक्ट्री भी बंद होने की कगार पर बताई गई ।वहीं चिलवरिया शुगर मिल के पूर्णतः बंद होने से लगभग 700 मजदूरों के बेरोजगार होने की बात भी ज्ञापन में रखी गई। किसानों ने कहा कि जब से आरपी ने चार्ज संभाला है, तब से शुगर मिलों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। यदि यही हालात रहे तो मिलों की कीमत कम हो जाएगी और भविष्य में कोई खरीदार भी नहीं मिलेगा। साथ ही आरपी द्वारा 100 करोड़ रुपये की एफडी बनाए जाने का भी उल्लेख किया गया।

# सहारनपुर एसएसपी अभिनन्दन सिंह ने उत्तराखंड बॉर्डर पर सुरक्षा, व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

राजीव चौधरी




**सहारनपुर** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह ने थाना गागलहेड़ी क्षेत्र अंतर्गत काली नदी चौकी पर पहुंचकर उत्तराखंड बॉर्डर स्थित कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया- निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था तथा साफ-सफाई की तैयारियों का गहनता से जायजा लिया- एसएसपी अभिनन्दन सिंह ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी- उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, अनुशासन और प्रशासनिक सजगता की संयुक्त परीक्षा होती है, जिसमें पुलिस को मित्र, मार्गदर्शक और रक्षक की भूमिका निभानी होती है- एसएसपी का यह सक्रिय निरीक्षण न केवल प्रशासनिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है, बल्कि पुलिस बल के मनोबल को भी नई ऊर्जा देने वाला कदम माना जा रहा है।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस कमिश्नर



आगरा से संवाददाता मयूर खान

**आगरा** में श्री दीपक कुमार के निर्देशन में कमिश्नरेट आगरा के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई। मीटिंग के दौरान पर्वो को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने एवं पुलिस के सहयोग हेतु अपील की गई। साथ ही डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी आयोजित कर आगामी बोर्ड परीक्षाओं एवं त्योहारों के दृष्टिगत डीजे संचालन के निर्धारित समय तथा नियमानुसार तय ध्वनि सीमा के भीतर ही डीजे संचालित किए जाने के संबंध में अवगत कराया गया।

# सिंचाई विभाग का भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने किया घेराव, समस्याओं के शीघ्र समाधान की चेतावनी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**बुलंदशहर**। भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने किसानों की लंबित सिंचाई संबंधी समस्याओं और विभागीय लापरवाही के विरोध में जिला बुलंदशहर स्थित सिंचाई विभाग का घेराव किया। यह कार्यक्रम संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षीत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अमरीश चौहान, राष्ट्रीय युवा महासचिव पवन मवई तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एमस भाटी के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।घेराव के दौरान मौके पर पहुंचे एसडीओ ने किसानों और संगठन के पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। विभाग से जुड़ी कई प्रमुख समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष समस्याओं के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा ।प्रदेश अध्यक्ष अमरीश चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की जायज मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सरकारी दफ्तरों की तालाबंदी की जाएगी और बड़ा उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को अनावश्यक विभागीय प्रक्रियाओं में उलझाना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन हर हाल में किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा ।राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षीत शर्मा ने कहा कि किसानों के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी विभागों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे कार्यालय में उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। वहीं राष्ट्रीय युवा महासचिव पवन मवई ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारी शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अनुपस्थित मिलते हैं तो युवा सड़क पर उतरकर विरोध करेगा और मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा ।संगठन ने सभी जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष और ग्राम अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का आह्वान किया। किसानों से भी अपील की गई कि वे अपनी समस्याएं संगठन तक पहुंचाएं, ताकि उन्हें प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक मजबूती से उठाया जा सके ।अंत में ह्लजय जवान जय किसान के नारों के साथ सांकेतिक धरना समाप्त किया गया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सिंचाई और खेतों से जुड़ी मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा नहीं किया गया तो अगली बार आंदोलन और व्यापक व उग्र रूप लेगा। इस दौरान नसीम भाटी, अमित भाटी, सलाउद्दीन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरसाना में प्रायोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली तथा लठामार होली की तैयारियां जोरों पर

वेलकम इण्डिया




**मथुरा**। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने नगर पंचायत बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडूमार होली तथा लठामार होली की तैयारियों के सम्बन्ध में निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गोवर्धन से बरसाना की ओर पड़ने वाले रेलवे फाटक के आस पास का जायजा लिया। उन्होंने फाटक के दोनों ओर यातायात प्रबंधन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एहसी व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे फाटक के आस-पास जाम की समस्या उत्पन्न न हो जिलाधिकारी ने बरसाना स्थित हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया तथा आस-पास अभियान चलाकर साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हेलीपैड के चारों ओर बैरिकेडिंग सुनिश्चित करें तथा दीवारों पर वॉल पेंटिंग कराए। जिलाधिकारी ने ड्रेन का निरीक्षण किया तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापक स्तर पर ड्रेन की सफाई करे तथा ड्रेन के आस-पास हुए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध होर्डिंग को हटाए। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बरसाना में मेला क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि समस्त ट्रांसफार्मर एवं विद्युत के खंभों पर प्लास्टिक रैपिंग सुनिश्चित करें। बरसाना क्षेत्र को थीम आधारित वॉल पेंटिंग से आकर्षित बनाए। पर्वों से पूर्व प्रमुख मार्गों, स्थलों, चौक एवं चौराहों को सजाए। उन्होंने कहा कि बरसाना क्षेत्र को झालर, लाइटिंग, फसाड आदि के माध्यम से जगमग करें। जो भी श्रद्धालु, पर्यटक एवं दर्शनार्थी बरसाना आए, वह एक नई पहचान लेकर जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को अच्छा अनुभव प्रदान कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गोवर्धन को निर्देश दिए कि उक्त मेला को प्लास्टिक मुक्त मेला बनाए। प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु दुकानदारों को प्रोत्साहित करे तथा अनुपालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सड़कों की मरम्मत करे, डिवाइडर को पेंट करे, विभिन्न स्थानों पर बनाए जाने वाली पार्किंगों का कार्य ससमय करे, बैरियर एवं बैरिकेडिंग के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को नालियों की सफाई तथा समस्त खुली नालियों को ढकने के निर्देश दिए। सभी दुकानदारों को प्रोत्साहित करे कि गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का प्रयोग करे। मिलावटी खाद्य सामग्री/पदार्थों को नष्ट कराए तथा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। सीसीटीवी कैमरे एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित करें। जहां आवश्यकता है, वहां नए सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखे, अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र की नियमित समीक्षा करते रहे।

उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत जो भी महत्वपूर्ण कदम उठाने है, उन्हें पहले से इंगित करते हुए कार्य सुनिश्चित करे। बैरियर, कंट्रोल रूम एवं वॉचटावर पर एक्टिव अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए, जो स्थिति के अनुसार तेजी से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नकली गुलाल का प्रयोग एवं बेचने वालों पर कठोर कार्यवाही करे।

# इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में



वेलकम इण्डिया

**मथुरा**। थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा इंस्टाग्राम पर हवलदार की एक हजार रुपये दस हजार रुपये मे इंस्पेक्टर व एक लाख रुपये मे पूरे पुलिस स्टेशन की बोली लगाने वाले अभियुक्त को अवैध तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है थाना गोवर्धन पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर चैंकिग के दौरान सोशल मीडिया प्लेट फार्म इंस्टाग्राम पर हवलदार को एक हजार रुपये में, दस हजार रुपये मे इंस्पेक्टर व एक लाख रुपये मे पूरे पुलिस स्टेशन की बोली लगाने की वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त रोबिन पुत्र रईश निवासी देवसेरस, थाना गोवर्धन, जनपद मथुरा को गाँठौली- देवसेरस बम्बा की पुलिया के पास से एक अवैध तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गोवर्धन पर आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

## पुलिस उपायुक्त नगर द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन



आगरा से संवाददाता मयूर खान

**आगरा**: में- पुलिस उपायुक्त नगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, प्रभावी कानून-व्यवस्था तथा पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना रहा। गोष्ठी के दौरान पुलिस उपायुक्त नगर द्वारा विभिन्न अपराधों की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम, सघन चेकिंग एवं रात्रि गश्त को प्रभावी बनाए जाने, हिस्ट्रीशीटरों की सतत निगरानी तथा सक्रिय पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में त्वरित, संवेदनशील एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने तथा जनसुनवाई को प्राथमिकता देने के निर्देश भी प्रदान किए गए। इस मौके पर नगर जोन के सभी सहायक पुलिस आयुक्त उपस्थित रहें

## मुरादाबाद में अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का तूफानी अभियान

वेलकम इण्डिया

**मुरादाबाद** जिले में अवैध और मानक विहीन अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार जारी है। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर गठित टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में औचक छापेमारी की। इस अभियान के तहत उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल ने आशियाना फेज-1 स्थित ह्यबचपन हेल्थकेयरह्व का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई तकनीकी और प्रशासनिक अनियमितताएं पाई गईं। अस्पताल में भर्ती नवजात शिशुओं को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर, कुंदरकी थाना क्षेत्र के जलालपुर में डॉ. राजीव कुमार शर्मा और सौरभ बरतारिया की टीम ने डॉ. कामिल के अस्पताल पर धावा बोला। जांच के दौरान अस्पताल में भारी अनियमितताएं और नियमों का उल्लंघन पाया गया। टीम ने मौके पर ही सख्त कार्रवाई करते हुए ह्यसेवा अस्पतालह्व के परिसर को पूरी तरह सील कर दिया।

## इंडियन मीडिया काउंसिल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, डिजिटल पत्रकारों के लिए विशेष प्रावधान की मांग

वेलकम इण्डिया

**मथुरा**/जयपुर। इंडियन मीडिया काउंसिल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर राज्य बजट में डिजिटल पत्रकारों एवं लघु समाचार पत्रों के लिए विशेष प्रावधान किए जाने की मांग की है। काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि हाल ही में प्रस्तुत बजट में डिजिटल मीडिया और छोटे समाचार पत्रों के हित, सुरक्षा और कल्याण से जुड़ी कोई ठोस घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पत्रकार सीमित संसाधनों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक सूचना पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त आर्थिक सहयोग मिल रहा है और न ही सुरक्षा संबंधी प्रावधान। पत्र में मांग की गई है कि डिजिटल मीडिया को आधिकारिक मान्यता दी जाए, स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, सरकारी विज्ञापनों में पारदर्शी नीति के तहत उचित हिस्सा दिया जाए और 60 वर्ष के बाद पेंशन व सामाजिक सुरक्षा योजना लागू की जाए। इसके अलावा, छोटे समाचार पत्रों के लिए प्रिंटिंग लागत में राहत, विज्ञापन वितरण में पारदर्शिता और आर्थिक सहायता योजना लागू करने की भी मांग की गई है। इंडियन मीडिया काउंसिल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि आगामी संशोधित बजट या विशेष पैकेज के माध्यम से डिजिटल पत्रकारों एवं लघु समाचार पत्रों के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, अड़ींग में छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इण्डिया




**मथुरा**। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, अड़ींग में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई और उन्हें शिक्षा तथा व्यक्तिगत विकास के महत्व के बारे में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीआई की रीजनल मैनेजर विनीता रहीं, जिन्होंने अपने ओजस्वी भाषण से छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक होने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसबीआई के आरएम उत्तम गुप्ता, एचआर हेड सविता और डिप्टी रीजनल हेड टी डी गुप्ता सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एचआर विभाग से गरिमा कौशिक ,ग्राम प्रधान स्नेहलता रावत और अन्य अतिथि गण भी मौजूद रहे। उपस्थित सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीना पांडे ने धन्यवाद भाषण देते हुए एसबीआई के इस उत्कृष्ट प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलों से छात्राओं को न केवल शिक्षा में सहयोग मिलता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ती है। कार्यक्रम में आयुषी सिंघल, अनीता खंडेलवाल, शुचि खंडेलवाल, अंजू लता, गीता, रेनू, बेबी, वर्षा, खुशबू शर्मा सहित संपूर्ण स्टाफ का योगदान भी उल्लेखनीय रहा। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को व्यवस्थित किया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर छात्राओं और अभिभावकों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। साइकिल वितरण से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी और यह पहल उनके शिक्षा के सफर को और आसान बनाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और स्टाफ का सम्मान किया गया और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

# नागरिक एकता समिति ने दरगाह सैयद नौ गजे पीर में चादर पेश की

वेलकम इण्डिया



**मुरादाबाद**।। नागरिक एकता समिति की ओर से हरथला के हिमगिरी कॉलोनी स्थित दरगाह सैयद नौ गजे पीर रहमतुल्लाह आलेह के सालाना उर्स के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी एक भव्य चादर पेश की गई। चादर पोशी समिति के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एवं उर्स कमेटी इंतजामिया फैजान सलमानी की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम के अनुसार की गई ।इस दौरान फैजान सलमानी ने कहा कि दरगाहें हमेशा अमन और शांति का पैगाम देती हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी ने देश की तरक्की, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ की है। चादरी जुलूस फैजान सलमानी के निवास से शुरू होकर दरगाह शरीफ पर पहुंचा, जहां चादर पेश की गई और लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुल्क ओर मिल्लत के लिए दुआ सय्यद हाशिम साहब ने कराई इस दौरान समिति के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव फैजान सलमानी, समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नईम राजा, मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 8 के पार्षद चंद्रभान जी, मोहम्मद इदरीश अहमद, नाजिम, बाबू शाह, शबीउर रहमान, नाहिद हुसैन, नावेद, शकील, अब्दुल रहमान, मो इमरान, हैदर अली, नसीम, शाहिद, सुहैल, राशिद, नूर हसन आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्घोषों से शिवमय हुआ नगर का वातावरण

वेलकम इण्डिया



**जहांगीराबाद**। नगर से गुरु प्यारेलाल के नेतृत्व में 12 सदस्यीय कांवड़ियों का जत्था गुरुवार को गंगा जल लेने हरिद्वार के लिए भक्ति भाव, श्रद्धा व उत्साह के साथ रवाना हुआ। हरिद्वार से जल लेने के लिए प्रस्थान से पूर्व श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का स्मरण किया। कावड़ यात्रा के लिए रवाना होते समय यात्रा पर जा रहे कावड़ियों के परिवार की महिलाओं ने कांवड़ियों को तिलक लगाकर आरती उतारी तथा मंगलगीत गाकर उनकी कावड़ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरे माहौल में भक्ति भाव गूंजता रहा और ह्लबोल बमह्व व ह्लहर हर महादेवह्व के जयकारों से नगर का वातावरण शिवमय हो उठा। हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं में विकल कुमार, ओमप्रकाश सिंह, राजू मलिक, सौरभ मलिक, चमन कुमार, लाखन कुमार, दिनेश, सोनू, तनिष्क, अनीता तथा एड. अमरजीत मलिक शामिल हैं। जत्थे के प्रस्थान के अवसर पर परिजनों व मोहल्लेवासियों ने सभी कांवड़ियों की सुखद व मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए विभिन्न शिवधामों में जलाभिषेक करेंगे। कावड़ जत्थे के साथ आवश्यक व्यवस्था व सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं, ताकि यात्रा सुचारु रूप से संपन्न हो सके। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# मुश्किल समय में हम आपके साथ हैं – राजपाल यादव के समर्थन में उठी एकजुटता की आवाज, मिसेज एशिया विजयता सचदेवा की भावुक अपील: बॉलीवुड को आगे आना चाहिए

वेलकम इण्डिया

**वाराणसी**। हँसी के जरिए लोगों के दुख कम करने वाले, आम आदमी से लेकर बुजुर्गों तक के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले बॉलीवुड के कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव आज अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। कर्ज और चेक बाउंस के एक मामले में लगभग 5 करोड़ रुपये की देनदारी के कारण उनका तिहाड़ जेल पहुँचना केवल एक कलाकार की निजी पीड़ा नहीं, बल्कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री और समाज के लिए एक गहरा और संवेदनशील सवाल बन गया है।

राजपाल यादव वह कलाकार हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से न सिर्फ युवाओं बल्कि बुजुर्गों, आम परिवारों और साधारण जनता को भी खुलकर हँसने का मौका दिया। उनकी कॉमेडी सिर्फ मनोरंजन नहीं थी, बल्कि तनाव, अकेलेपन और दुख से जूझ रहे लोगों के लिए एक सहारा रही है। आज वही कलाकार जब संकट में है, तो उनके चाहने वालों और आम जनता के दिल भी आहत हैं। इसी विषय पर वाराणसी से सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजेता विजयता सचदेवा ने गहरे दुख और भावनात्मक शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा– ह्लजिस कलाकार ने करोड़ों लोगों को हँसाया, बुजुर्गों के चेहरे पर भी मुस्कान लौटाई, आज वही कलाकार चुपचाप दर्द सह रहा है। यह वक्त उंगली उठाने का नहीं, बल्कि हाथ थामने का है ।ह्व विजयता सचदेवा ने कहा कि यह राहत की बात है कि बॉलीवुड इंडस्ट्री के कुछ वरिष्ठ कलाकार और निमार्ता निजी स्तर पर मदद और सहयोग की कोशिशें कर रहे हैं, जिसकी चर्चा इंडस्ट्री में है। ह्लऐसी पहलें उम्मीद जगाती हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जरूरत है कि यह सहयोग व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक बने ।ह्व उन्होंने आगे भावुक होते हुए कहा– ह्लमुश्किल दौर में हम आपके साथ हैं – यह सिर्फ शब्द नहीं, एक जिम्मेदारी होनी चाहिए। आज राजपाल यादव के साथ खड़ा होना कल किसी और कलाकार के लिए मिसाल बनेगा ।ह्व विजयता सचदेवा ने यह भी जोर देकर कहा कि सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि राजपाल यादव को चाहने वाली जनता, उनके प्रशंसक और आम लोग भी इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हों। ह्लजिस कलाकार ने जनता को हँसी दी, आज उसी जनता का फर्ज. है कि वह दुआ, समर्थन और संवेदनाओं के साथ उनके साथ खड़ी हो ।ह्व उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में ऐसे कई बड़े सितारे हैं





## ट्रक से कुचल कर बाइक सवार की हुई दर्दनाक मौत परिजनों ने सड़क पर किया हंगामा।

**बुलंदशहर** अनूपशहर अलीगढ़ मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ( डंपर )ने बाइक सवार व्यक्ति को मारी जोरदार टक्कर हुई दर्दनाक मौत, मचा कोहराम। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुत्र के साथ बाइक पर जा रहे वृद्ध की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम न कराने की मांग को लेकर परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। करीब 62वर्षीय रईस सिंह पुत्र अचल सिंह निवासी गांव नाहरी बुधवार की सुबह अपने पुत्र सौरभ के साथ किसी कार्य से बाइक से अनूपशहर से आये थे। अपना बाजार का कार्य करके वापस गांव नाहरी जा रहे थे।

# एक पेड़ माँ के नाम से हुई संगोष्ठी में लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

वेलकम इण्डिया



**बागेश्वर,**देवकी लघु वाटिका, में ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व मां के सम्मान में प्रकृति के संरक्षण का संकल्प, थीम पर मेरा युवा भारत एवं जन शिक्षण संस्थान, बागेश्वर के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृसम्मान को प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा रोपित करने और उसके संरक्षण का संकल्प दिलाना रहा ।मुख्य अतिथि वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा ने विभिन्न प्रकार के पौधों जैसे पारिजात, चंदन, सहजन (सीलिंग), रुद्राक्ष, बेल, मेडिसिनल एवं एरोमेटिक प्लांट, पौधे, मूंगा, रेशम, बांस चारा पत्ती आदि—पर गहन एवं विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने पौधों के पर्यावरणीय, आध्यात्मिक और औषधीय महत्व को समझाते हुए पौधा रोपण की सही विधि भी बताई। उन्होंने गड्ढे की उचित गहराई, जैविक खाद के उपयोग, पौधे को सीधा स्थापित करने, प्रारंभिक सिंचाई, नियमित देखभाल, सुरक्षा घेरा लगाने तथा समय-समय पर निराई-गुड़ाई करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ह्लयदि हर व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पौधा रोपित कर उसकी सेवा और संरक्षण का संकल्प ले, तो यह धरती और आने वाली पीढ़ियों के प्रति सच्ची कृतज्ञता होगी ।ह्वडॉ. जितेंद्र तिवारी, निदेशक जन शिक्षण संस्थान, ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व केवल एक प्रतीकात्मक अभियान नहीं, बल्कि जीवन भर निभाया जाने वाला दायित्व है।

उन्होंने सभी को संकल्प/शपथ दिलाया कि वे अपने घर-आंगन में एक पौधा अवश्य लगाएंगे, उसकी नियमित देखभाल करेंगे और इस संदेश को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाएंगे। पूर्व प्रधानाचार्य केशवानंद जोशी ने अपनी प्रेरणादायी कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जबकि वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री रमेश चंद्र पर्वतीय ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में राम सिंह मलड़ा, भजन सिंह, देवकी देवी,राधा गड़िया, रमा देवी, ममता, मनीषा, प्रशिक्षक हेमा बिष्ट, जया भाकुनी, दीपा चौबे, पूजा त्रिपाठी, लता लोहनी, संस्थान के सदस्य बिक्रमजीत सिंह, आनंद सिंह शाही, तथा प्रतिभागी दिव्या, रोशनी, कंचन, दीपा, वंदना सहित लगभग 60 प्रतिभागियों की सक्रिय उपस्थिति रही। अंत में देवकी लघु वाटिका की ओर से प्रतिभागियों को पौधे वितरित किए गए और सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने गांव, घर और मोहल्ले में इस अभियान का प्रचार-प्रसार करेंगे तथा अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अपनी माँ के नाम अवश्य लगाएंगे। इसी प्रेरणादायी संकल्प के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## हिमांशु भाऊ गैंग का सदस्य बनकर धमकी देने वाला आरोपी अअळर/उत्तर-पश्चिम टीम द्वारा गिरफ्तार

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली:** उत्तर-पश्चिम जिला की अअळर टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए जबरन वसूली के मामले का खुलासा किया है। आरोपी, जो स्वयं को कुख्यात हिमांशु भाऊ गैंग का सदस्य बताकर धमकी दे रहा था, को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान विकास विक्की पुत्र बिजेंद्र सिंह, निवासी ग्राम बांकर, नरेला, दिल्ली, उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी पीड़ित को सेक्टर-23, रोहिणी स्थित लगभग ?10 करोड़ मूल्य की संपत्ति अपने नाम स्थानांतरित करने के लिए धमका रहा था। अपराध में प्रयुक्त एक आई-फोन भी आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया है दिनांक 26.11.2025 को शिकायतकर्ता रजत गुप्ता, निवासी अशोक विहार, दिल्ली ने शिकायत दी कि एक अज्ञात व्यक्ति स्वयं को कुख्यात हिमांशु भाऊ गैंग का सदस्य बताकर विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से लगातार आपराधिक धमकी एवं जबरन वसूली की धमकी दे रहा है, ताकि लगभग ?10 करोड़ मूल्य की संपत्ति उसके नाम ट्रांसफर कराई जा सके। उक्त संपत्ति जून 2022 में शिकायतकर्ता की पत्नी मेघा गोयल एवं साली निधि द्वारा परवीन कुमार से खरीदी गई थी। शिकायतकर्ता ने आपराधिक धमकी एवं जबरन वसूली से संबंधित डिजिटल ऑडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। इस संबंध में थाना अशोक विहार में ऋकफ संख्या 546/2025, धारा 308(2) इठर के तहत मामला दर्ज किया गया तथा जांच रक रवि सैनी को सौंपी गई। जांच एवं गिरफ्तारी मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी हेतु एक समर्पित टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व रक रवि सैनी, अअळर/उत्तर-पश्चिम ने किया, जिसमें अरक विनोद, अरक किरण पाल, ऌउ परमजीत, ऌउ परविंदर, ऌउ परवीन, ऌउ कमल, उ३. शुभम, उ३. ओम प्रकाश, उ३. उत्तम, उ३. करण, उ३. सागर, उ३. हरेंद्र एवं ह/ऌउ ममता शामिल थे।

## बिलौना में बिक रही अवैध शराब की विक्री से स्थानीय वाशिंदों में रोष

वेलकम इण्डिया

**बागेश्वर**, नगर पालिका के बिलौना वार्ड शराबियों का प्रमुख हब बनते जा रहा है ।शाम ढलते ही सड़क और दुकानों के आसपास नशेड़ी अराजकता करते नजर आते हैं ।लोगों ने कईबार जिला प्रशासन पुलिस और आबकारी विभाग से अवैध नशे के बढ़ते चलन औ? अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों को किसी प्रकार का कोई भय नही होने से अवैध शराब बेचने वालों का हौसला बुलंद है ।लोगों ने पुलिस से दुकानों में अवैध शराब बेचने वालों पर सख्ती बरतने और अवैध नशे से युवाओं और गरीब लोगों को नशे की दलदल में धकेलकर घरों में परिवार के अन्य लोगों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर रोक लगाने हेतु चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई कर अवैध नशे की विक्री पर रोक लगाने की मांग की है ।स्थानीय ललित सिंह बिशन सिंह लीला देवी, सुंदर सिंह, राजेन्द्र सिंह, महेश सिंह, राम सिंह शीला देवी, किशन लाल, आदि ने बिलौना में खुलेआम विभिन्न स्थानों में अवैध तरीके से शराब बेचने वालों पर सख्ती बरतने हेतु जिलाधिकारी से पुलिस और प्रशासन को नशामुक्त अभियान के तहत अवैध नशे की विक्री से युवाओं और लोगो को नशे की दलदल में धकेलकर उनकी और उनके परिवार में नशे के कारण होने वाली घरेलू हिंसा, मानसिक रूप से तनावग्रस्त करने, साथ ही युवा वर्ग को नशे में धकेलकर उनकी जिंदगी बर्वाद करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने हेतु अभियान चलाने के निर्देश देने की गुहार लगाई है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम ढलते ही बिलौना में सार्वजनिक स्थान, दुकानों और रास्ते मे शराबी किस्म के अराजक तत्वों का बोलबाला हो जाता है ।कभी भी परिवार के सदस्यों के साथ घर आते समय ऐसे शराबी और नशेड़ियों के आतंक से किसी के साथ भी कभी भी अनहोनी होने की आशंका बनी रहती है ।लोगों ने इसके लिए अवैध नशे की खेप बेचने वालों पर कार्रवाई का भय दिखाते हुए बिलौना बाजार में अवैध नशे की विक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं लोगों ने दुकानो में खुलेआम अपने ग्राहकों को अवैध नशे की विक्री करने वाले और उनतक अवैध रूप से शराब और चरस की खेप पहुंचाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही होने से उनके हौसले बुलंद होने, और उन्हें जिम्मेदारों का संरक्षण मिलने के भी स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए हैं ।लोगों ने जिलाधिकारी से बिलौना में अवैध शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसते हुए युवा विद्यार्थी वर्ग को नशे की प्रवृति से दूर करने हेतु पुलिस और आबकारी विभाग को सख्त कार्रवाई और चेकिंग अभियान तेज करने हेतु निर्देशित करने की अपील की है।

## थाना जहांगीर पुरी के सनसनीखेज हत्या के प्रयास के मामले का स्पेशल स्टाफ उत्तर-पश्चिम द्वारा सफल खुलासा

एहसान अंसारी

**नई दिल्ली:** उत्तर-पश्चिम जिला की स्पेशल स्टाफ टीम ने थाना जहांगीर पुरी के सनसनीखेज हत्या के प्रयास के मामले में दो अपराधियों (1) अभिषेक अक्कू पुत्र अनुज, निवासी जहांगीर पुरी, दिल्ली, आयु 19 वर्ष एवं (2) नितिन पुत्र प्रदीप, निवासी ग्राम चाकरपुर, गुरुग्राम, हरियाणा, आयु 18 वर्ष को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी से थाना जहांगीर पुरी, दिल्ली में दर्ज एफआईआर संख्या 02/2026 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस दिनांक 02.01.2026 का सफल अनावरण किया गया। आरोपियों की समय पर गिरफ्तारी से एक गंभीर हत्या की वारदात को टाल दिया गया। दिनांक 02.01.2026 को शिकायतकर्ता अंशु पुत्र श्री शिव लाल, निवासी जे.जे. कॉलोनी, जहांगीर पुरी, दिल्ली ने सूचना दी कि लगभग 01:30 बजे दोपहर वह अपने मित्र विमल के साथ स्कूल के एक पुराने मित्र से मिलकर घर लौट रहा था। जब वे के-ब्लॉक पार्क, जहांगीर पुरी के पास पहुंचे, तो 4झ5 अज्ञात लड़कों ने उन्हें रोककर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर हिंसक हमला कर दिया तथा मुक्कों-घूंसों से मारपीट करने के बाद चाकुओं से वार किया। इस हमले में दोनों पीड़ितों को शरीर के ऊपरी हिस्सों पर कई गंभीर चाकू के घाव लगे शिकायतकर्ता के बयान पर थाना जहांगीर पुरी में एफआईआर संख्या 02/2026 धारा बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। घटना के तुरंत बाद सभी आरोपी फरार हो गए। बाद में घटना से संबंधित दो आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में आरोपी पीड़ितों पर बेरहमी से चाकू से हमला करते दिखाई दे रहे थे, जबकि दूसरे वीडियो में आरोपी स्वयं दो हत्याएँ करने का दावा करते हुए एक और हत्या करने की धमकी दे रहे थे।




## बावर्दी नजर आयेंगे निगम के सफाई व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

वेलकम इण्डिया

**सहारनपुर**। नगर निगम के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा स्वास्थ्य अनुभाग के सफाई कर्मचारी, नायक व ड्राइवर अब जल्दी ही बावर्दी नजर आयेंगे। इसके लिए 358 कर्मचारियों को ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन वर्दी के लिए नगर निगम द्वारा दस लाख 68 हजार रुपये का भुगतान किया गया है। नगर निगम कार्यकारणी की बैठक में महापौर डॉ. अजय कुमार ने कर्मचारियों को निगम की ओर से ग्रीष्म कालीन व शीतकालीन वर्दी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार के उसी आदेश के अनुपालन में नगर निगम ने स्वास्थ्य अनुभाग के 300 सफाई कर्मचारियों ( नायक व ड्राइवर सहित) एवं चतुर्थ श्रेणी के 58 सामान्य कर्मचारियों को ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन वर्दी के लिए दस लाख 68 हजार 630 रुपये भुगतान किया गया है। प्रति कर्मचारी 2985 रुपये भुगतान किया गया है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए है कि सम्बंधित कर्मचारीगणों को किये गए भुगतान के सापेक्ष कर्मचारी एक सप्ताह में वदी तैयार करा कर डियूटी समय में धारण करें। उन्होंने 20 फरवरी तक इसका सत्यापन कराकर उनके कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए है। नगरायुक्त ने आदेश में कहा है कि यह भी सुनिश्चित करायें कि डियूटी अवधि में प्रत्येक कर्मचारी वर्दी धारण करें, यदि कोई कर्मचारी बिना वर्दी धारण किये डियूटी पर पाया जाता है तो उसके सम्बंधित पर्यवेक्षणीय अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## कपकोट बहुद्देशीय शिविर में 235 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का सीधा लाभ

वेलकम इण्डिया



**बागेश्वर**, जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारह्व कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को तहसील सभागार, कपकोट में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी की अध्यक्षता में बहुद्देशीय शिविर का सफल आयोजन किया गया ।शिविर में कुल 235 लोगों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इस दौरान 15 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में 9 आवेदकों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ मिला ।शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, पशुपालन, समाज कल्याण, विद्युत, पेयजल, सिंचाई एवं बैंकिंग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सेवाएं और लाभ उपलब्ध कराए ।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ऐसे शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में प्रतिभाग कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की ।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, अधिशासी अधिकारी बलवंत सिंह रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिशु मंदिर के संस्थापक प्रबंधक डा. मनमोहन मेहरा नहीं रहे

वेलकम इण्डिया



**गरुड़**। सरस्वती शिशु मंदिर गरुड़ के संस्थापक प्रबंधक व समाजसेवी डा. मनमोहन मेहरा का निधन हो गया है। वे 76 वर्ष के थे। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सरस्वती शिशु मंदिर व खोलिया विवेकानंद इंका के आचार्यों ने संयुक्त रूप से शोक सभा कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोक व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डा. मेहरा ने किराये के मकान में गरुड़ में शिशु मंदिर के रूप में विद्या भारती के स्कूलों की शुरूआत की। वे आजीवन संघ से जुड़े रहे और सामाजिक क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहे। वक्ताओं ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। उनके निधन पर विद्या भारती के पूर्व प्रदेश निरीक्षक हरी दत्त जोशी, विवेकानंद के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सूरज पंत, प्रबंधक विपिन तिवारी, कैलाश चंद्र जोशी, पूर्व बीईओ जीवन चंद्र दुबे, डा. डीएस रावत, देवकीनंदन जोशी, नंदन सिंह अल्मिया, कैलाश चंद्र जोशी, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, जिपंस जनार्दन लोहुमी, नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, सभासद अंकित जोशी, चंद्रशेखर बड़सीला, उमेश जोशी, गणेश प्रसाद जोशी, दीप तिवारी, महेंद्र नेगी, सुरेश जोशी, देवेश तिवारी, हिमांशु उपाध्याय, रजत जोशी, जगदीश जोशी, धन सिंह गड़िया, जगमोहन, दीपक गिरी, शंकर सिंह, अशोक थायत,प्रमोद पंत, भुवन मिश्रा, श्यामाचरण पाटनी, उमेश सिंह, भावना रावत, इंद्रा पांडे, अनुराधा कांडपाल, सुरेंद्र रावत, गोपाल दत्त जोशी, रेवती देवी, मोहन चंद्र जोशी, हरिप्रकाश गुणवंत, नवीन चंद्र पांडे, हेम चंद्र जोशी, गणेश दत्त भट्ट,हरीश नेगी आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## मथुरा रेडियो से महाशिवरात्रि पर डॉ. गोपाल चतुर्वेदी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 15 फरवरी को

वेलकम इण्डिया



**वृन्दावन** ।नगर के प्रख्यात अध्यात्मविद व साहित्यकार श्यूपी रत्नश डॉ. गोपाल चतुर्वेदी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण आकाशवाणी के मथुरा-वृन्दावन केंद्र से 15 फरवरी 2026 को प्रातः 09 बजे से किया जाएगा। इस विषय में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा-वृन्दावन केंद्र के कार्यक्रम निष्पादक ओपी सिंह ने बताया है कि श्शिव का कल्याणक स्वरूप एवं महाशिवरात्रिश विषय पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 15 फरवरी 2026 को प्रातः 09 बजे से केंद्र द्वारा किया जाएगा ।यह हिन्दी वार्ता 15 मिनट की होगी ।जिसे सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल पसंख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं।

## फेडरेशन के संस्थापक स्व. डी पी पाठक जी

वेलकम इण्डिया

**इंदौर**। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन इंदौर द्वारा श्रमिकों के मसीहा व अनेक संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले, फेडरेशन के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय डी पी पाठक जी की 15 वीं पुण्यतिथि पर 11 फरवरी को फेडरेशन कार्यालय इंदौर पर श्रमशक्ति दिवस मनाकर उनका स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर झोनल सेक्रेट्री एन के यादव ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया साथ ही सभी पदाधिकारी-सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री यादव ने स्वर्गीय पाठक जी के श्रमिकों हितैषी कार्यों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# दिल्ली मे भारत की कम्युनिटी पार्टी ने असम की मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

एहसान अंसारी




**नई दिल्ली:** दिल्ली के जंतर मंतर पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की दिल्ली राज्य कमेटी की ओर से आज जंतर मंतर पर एक तत्काल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से जारी किए गए उस आपत्तिजनक वीडियो के खिलाफ था, जिसमें वे अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाते हुए बंदूक चलाते हुए दिखाई देते हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी की वरिष्ठ नेता बृंदा करात ने कहा कि यह घटना केवल किसी अल्पसंख्यक समुदाय पर हमला नहीं है, बल्कि भारत के संविधान पर गोली चलाने जैसा अपराध है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह की हिंसक और सांप्रदायिक मानसिकता का सार्वजनिक प्रदर्शन देश के लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष ढांचे के लिए गंभीर खतरा है। बृंदा करात ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के खिलाफ मामला दर्ज करे और तत्काल कानूनी कार्यवाही शुरू करे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य नीलोत्पल बसु ने कहा कि नफरत और हिंसा को बढ़ावा देने वाला व्यक्ति मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुका है। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की कि हेमंत बिस्वा शर्मा को तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। प्रदर्शनकारियों को पोलित ब्यूरो सदस्य मरियम धवले ने भी संबोधित किया। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की दिल्ली राज्य कमेटी ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन इसलिए तत्काल आयोजित किया गया क्योंकि सत्ताधारी दल के संरक्षण में लगातार सांप्रदायिक उकसावे और अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने की घटनाएँ बढ़ रही हैं। पार्टी ने दोहराया कि वह संविधान, लोकतंत्र और देश की धर्मनिरपेक्ष एकता की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी।

# मदरसा अरबिया अशाअतुल उलूम तिलजा में वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

वेलकम इण्डिया



**संतकबीरनगर।** मदरसा अरबिया अशाअतुल उलूम तिलजा में वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने एवं पुरस्कार वितरण के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कारी मोहम्मद अली साहब द्वारा पवित्र कुरआन की तिलावत से हुई, जिसके पश्चात नात-ए-रसूल पेश की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए जामिया अरबिया हथौरा के अरबी विभाग के शिक्षक मौलाना मोहम्मद सादात कासमी ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी कौम की तरक्की का मूल आधार है।उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अच्छे आचरण को अपनाने की नसीहत देते हुए कहा कि दीन और दुनिया शिक्षा का समन्वय समय की अहम जरूरत है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शोबए हिफ्ज में प्रथम स्थान मोहम्मद सलीम (बिगरा), द्वितीय स्थान मोहम्मद आफताब (कोहरियावां) तथा तृतीय स्थान मोहम्मद समीर (परसा जब्ती) ने प्राप्त किया।

मकतब वर्ग में कक्षा 5 में प्रथम हबीबा खातून, द्वितीय मारिया इसरार एवं तृतीय जी,द्वितीय नरगिस फातिमा और तृतीय अबू हुरैरा रहे। कक्षा तृतीय में प्रथम हफ्सा फरहीन, द्वितीय हुजैफा सरफराज और तृतीय आयशा खातून रहीं। कक्षा 3 में प्रथम मोहम्मद अल्तमश, द्वितीय मोहम्मद सुफियान और तृतीय अबूजर रहे। कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान मोहम्मद कअब,द्वितीय मारिया शम्सुद्दीन तथा तृतीय सादिका शमशाद रहीं।

इसके अतिरिक्त तिलजा गांव के खलीलुर्रहमान और मोहम्मद कैफ का दारुल उलूम देवबंद में प्रवेश होने पर विशेष रूप से उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मदरसे के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। मौलाना सादात की दुआ के साथ समारोह का समापन हुआ।

# सड़क हादसा: पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, चालक फरार



संवाददाता मोहसिन रहमानी

**कांधला** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना रोड पर रेलवे फाटक के पास एक पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल की पहचान मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कसरेवा निवासी असलम के रूप में हुई है। वह बाइक से कस्बे में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। गुरुवार को वापस गांव लौटते समय जैसे ही वह बुढ़ाना मार्ग के रेलवे फाटक के पास पहुंचा, सामने से आ रही पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दूसरी और क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी प्रीतम सिंह, जो कस्बे के एक स्कूल में शिक्षक हैं,साइकिल से स्कूल जाते समय दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका उपचार मेरठ के आनंद अस्पताल में चल रहा है।गुरुवार को पीड़ित के भाई धनपाल ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दोनों मामलों में फरार वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

# छात्राओं ने निकली मतदाता जागरूकता रैली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन




संवाददाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालयमें राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस, इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस की शुरूआत स्वयंसेविकाओं द्वारा सफाई, प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत के सामूहिक गान से हुई।प्रथम सत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई, जो नगर के मोहल्ला रायजादगान व गुजरान मोहल्ला होते हुए शिविर स्थल पर समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू ने किया। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अरशी ने प्रथम, महक ने द्वितीय व अंजुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।द्वितीय सत्र में लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी विषय पर व्याख्यान में डॉ. बृजेश कुमार राठी ने छात्राओं को मतदाता बनने व जागरूक मतदान की प्रेरणा दी। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण करने वाली छात्राओं से वोटर कार्ड बनवाने की अपील की।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान दर्जनों छात्र एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# उत्तर प्रदेश बजट 2026 27 एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने पर विशेष जोर - दीपक कुमार

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- दीपक कुमार बजाज अध्यक्ष उत्तर प्रदेश रोलर फ़्लोर मिलर्स एसोसिएशन राष्ट्रीय महासचिव इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन ने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 झ27 के लिए 9,12,696 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है` यह बजट आधारभूत संरचना विकास, औद्योगिक विस्तार,रोजगार सृजन तथा विशेष रूप से सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को सशक्त बनाने पर केंद्रित है` प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस बजट में इसे विशेष प्राथमिकता दी गई है एमएसएमई क्षेत्र के लिए 3,822 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है` यह वृद्धि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि छोटे एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय,संरचनात्मक एवं नीतिगत सहयोग प्रदान कर उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाया जाए` प्रदेश पहले से ही एमएसएमई इकाइयों की संख्या के आधार पर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और यह बजट इस स्थिति को और मजबूत करेगा` युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ह्लमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजनाह्व के अंतर्गत 1,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है



जिसके माध्यम से प्रतिवर्ष एक लाख नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है` एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के लिए 75 करोड़ रुपए की व्यवस्था कर पारंपरिक एवं जिला विशिष्ट उद्योगों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया है

# अभ्युदय सेवा समिति के तत्वावधान में उनतीसवां रक्तदान शिविर का आयोजन

**वाराणसी**:- कैथौली बाबतपुर मे स्वर्गीय डॉ.मुकेश कुमार गौड़ की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र सौरभ गौड़ द्वारा अपने आवास पर अभ्युदय सेवा समिति के सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया` इस आयोजन ने पूरे गाँव और आसपास के क्षेत्र में मानवता सेवा और संस्कार की मिसाल पेश की` शिविर में सौरभ गौड़,सिंटू पांडेय,अमिताभ दुबे,करण सोनी, दुर्गेश पटेल,वैभव केशरी,शिशिर सिंह,सुधीर गौड़,अरविंद सोनी, दिलीप सोनी,अमन सोनी सहित अन्य युवाओं ने मिलकर कुल बीस यूनिट रक्तदान किया` रक्तदाताओं के इस उत्साह और सेवा भाव की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है

# नाले की पटरी पर मिला नवजात का भ्रूण, मचा

संवाददाता मोहसिन रहमानी

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल में गुरुवार को नाले की पटरी पर एक नवजात का भ्रूण पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सड़क से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब उस पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना मोहल्लेवासियों को दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। मोहल्ले के लोगों के अनुसार प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी अविवाहित युवती द्वारा गर्भपात कराने के बाद भ्रूण को यहां फेंक दिया गया है। हालांकि इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मौके पर मौजूद लोगों के बीच इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रहीं।मोहल्लेवासियों ने नवजात के भ्रूण को दफना दिया। इस संबंध में जब थाना प्रभारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मामले की जानकारी से इंकार किया।गौरतलब है कि इससे पहले भी पिछले महीने पूर्वी यमुना नहर की पटरी पर नवजात का भ्रूण मिलने की घटना सामने आ चुकी है। लगातार इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# रसोइयों ने वेतन वृद्धि के लिए किया प्रदर्शन:बच्चों के भविष्य को लेकर उठाई आवाज

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को लगभग 300 रसोइयों ने अपने वेतन वृद्धि और बच्चों के भविष्य को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रतिमाह मात्र 2,000 रुपये का वेतन मिलता है, जो उनके जीवनयापन और बच्चों की शिक्षा के लिए अपर्याप्त है। प्रदर्शनकारी रसोइयों ने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारियों और हेडमास्टरों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं, जबकि उनकी कम तनख्वाह के कारण उनके बच्चों का भविष्य अनिश्चित है। उन्होंने कहा कि उनका काम केवल खाना बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें झाड़ू लगाना, बर्तन धोना, फर्श साफ करना और बच्चों से संबंधित अन्य छोटे-मोटे काम भी करने पड़ते हैं। रसोइया सुमन ने बताया, ₹हम जूठा उठाते हैं, बर्तन धोते हैं, झाड़ू लगाते हैं, बच्चों की देखभाल करते हैं और स्कूल के सभी छोटे-बड़े काम करते हैं। इसके बावजूद हमारा वेतन सबसे कम है।₹ रसोइया राधा ने वेतन असमानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेडमास्टर और अन्य कर्मचारियों को 80,000 से 1,00,000 रुपये तक वेतन मिलता है, जबकि उनकी मेहनत और जिम्मेदारी कहीं अधिक है।

संगीता ने अपनी बात रखते हुए कहा, ₹हम गरीब हैं। सरकारी अफसरों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। हम अपने बच्चों को कहाँ पढ़ाएँ? 2,000 रुपये में हम अपने बच्चों का भविष्य कैसे सुरक्षित करें? यह असमानता और अन्याय है।₹ रसोइयों ने मांग की कि उनका न्यूनतम वेतन कम से कम 18,000 रुपये और अधिकतम 26,000 रुपये प्रतिमाह होना चाहिए। राधा देवी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, हमारी मेहनत, हमारी जिम्मेदारी और हमारे बच्चों का भविष्य हमारी लड़ाई का मूल कारण है। हमें धमकी दी जाती है कि अगर काम ठीक से नहीं किया तो निकाल देंगे। लेकिन हम भी इंसान हैं, हम भी अपने बच्चों के भविष्य के हकदार हैं।

प्रदर्शनकारी रसोइया कमल देवी ने वेतन के साथ-साथ काम की परिस्थितियों में सुधार की भी मांग की। उन्होंने बताया कि काम के दौरान उन्हें अक्सर भेदभाव और धमकियों का सामना करना पड़ता है।

# वी एस कालेज नंगलाकरन में छात्र छात्राओं को खिलाई गई कृमि नाशक दवा

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर** बी एस कालेज नंगलाकरन में फामेर्सी छात्र छात्राओं को कृमि नाशक दवा खिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी के सौजन्य से विशेष अभियान के तहत कालेज के तमाम छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल कृमि नाशक दवा का सेवन कराया गया। चिकित्सक डॉ तहसीन रजा ने बताया कि कृमि नाशक दवा के सेवन से पेट के कीड़ों से छुटकारा मिल जाता है। इससे स्वास्थ्य ठीक रहेगा और इस दवा का कोई विपरीत असर भी नहीं होता है। इसके सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मोहित कुमार रोहित कुमार तुषार सौरभ विशाल निशांत प्रशांत जसवीर नितिन धर्मेंद्र शाहरुख आदि सैकड़ों बच्चों ने दवा का सेवन किया।

# मार्ग अवरोध पर विवाद, प्रधान प्रत्याशी से मारपीट,चार पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता मोहसिन रहमानी

**कांधला** थाना क्षेत्र के गांव भनेडा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के चार लोगों पर मार्ग अवरोध को लेकर हुए विवाद में मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव भनेडा निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह गांव में प्रधान पद का प्रत्याशी है और आगामी चुनाव की तैयारी कर रहा है।

पीड़ित के अनुसार, वह विगत बुधवार की शाम अपनी कार से कस्बे से गांव लौट रहा था। रास्ते में गांव का एक व्यक्ति जेसीबी मशीन से ट्यूबवेल दबाकर मार्ग अवरुद्ध कर रहा था।जब पीड़ित ने वाहन से उतरकर रास्ता देने की बात कही, तो आरोपी आगबबूला हो गए। आरोप है कि गांव के ही प्रशांत, नागेंद्र, प्रदीप व सीतामपाल ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए, गले से सोने की चेन तोड़ ली और जेब से 11 हजार रुपये निकाल लिए।पीड़ित किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। बृहस्पतिवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# मंडलायुक्त, डीआईजी, डीएम व एसपी ने बाबा तामेश्वरनाथ धाम पर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर परिसर का भ्रमण करते हुए स्थानीय व्यवस्थाओं/सुविधाओं का लिया जायजा

वेलकम इण्डिया



**संतकबीरनगर।** मंडलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश सिंह व उप पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के साथ महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तामेश्वरनाथ शिव मन्दिर/परिसर में शिवरात्री पर्व के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों, कानून व्यवस्था एवं मन्दिर में आने वाले श्रद्धालओं की सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ प्रबन्धन हेतु की गई व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण द्वारा जलाभिषेक के लिए लगने वाली लाइन की बैरिकेटिंग व रुट डायवर्जन आदि के बारे में जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण द्वारा जलाभिषेक व मेला स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगवाने, अग्निशमन दल व वालेण्टियर्स की सेवा लेने के साथ ही खोया-पाया कैम्प आदि स्थापित करने के लिये निर्देशित किया गया, साथ ही मेला आयोजकों व स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों से बात-चीत कर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था आदि से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त व डीआईजी ने डीएम व एसपी के साथ महाशिवरात्रि पर्व को सुरक्षित एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत बाबा तामेश्वर धाम पर प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों एवं मंदिर के पुजारी/गोसाई जी व स्थानीय ग्रामीणों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंडलायुक्त व डीआईजी ने महाशिवरात्रि का पर्व आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाये जाने की अपील करते हुए कहा कि जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहार को भाई-चारें के साथ मनाये। उन्होंने शिवरात्रि पर्व के दौरान तामेश्वरनाथ धाम परिसर में कानून व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी शिवभक्तों व मेलार्थियों के साथ शालीनता से व्यवहार किया जाये एवं उनकी हर सम्भव मदद के लिये आवश्यकतानुसार डायवर्जन प्लान को कडाई से लागू कराते हुए ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारीगण ने मंदिर के पुजारी व स्थानीय नागरिकों से महाशिवरात्रि पर्व के दौरान पूर्व में की गई व्यवस्थाओं आदि के बारे में फीडबैक लेते हुए उनका सुझाव जाना जिसके अनुसार श्रद्धालुओं/शिवभक्तों के सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं चाक चौबंद बनाए जाने हेतु पुलिस अधिकारियों सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# ंटरनेशनल ओलिंपियाड में सुरेविन विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राप्त की प्रतिभाशाली उपलब्धि

इवेलकम इंडिया



**मोदीनगर,** (अनिल वशिष्ठ)। इंटरनेशनल ओलिंपियाड फाउंडेशन तथा द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (भारतीय कंपनी सचिव संस्थान) के तत्वाधान में आयोजित प्रतिष्ठित इंटरनेशनल ओलिंपियाड में सुरेविन इन्टरनेशनल विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। जिसमें कक्षा ग्यारहवीं की खुशी ने स्वर्ण पदक, नकुल ने रजत पदक तथा इशिका पूनिया ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। देश-विदेश के अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के मध्य प्रतिस्पर्धा करते हुए हमारे विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए, जो उनकी मेहनत, लगन और उच्च स्तरीय तैयारी का प्रमाण है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा,ह्लयह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। ऐसे प्रतियोगी मंच विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तुषार गुप्ता एवं डॉ. शिखा दरबारी ने भी सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को सुदृढ़ करती हैं। विद्यालय प्रबंधक ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं। साथ ही कॉमर्स विभाग के अध्यापकों डॉ. प्रांजल एवं श्री प्रशांत शर्मा को उनके समर्पित मार्गदर्शन हेतु विशेष बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के परिश्रम का प्रतिफल है, बल्कि संपूर्ण विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं गुणवत्ता पूर्ण मार्गदर्शन का भी प्रमाण है।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप- 94 किलोग्राम श्रेणी में यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने लिया भाग

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,** (अनिल वशिष्ठ)।राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के नौवें दिन प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुरुष वर्ग की 94 किलोग्राम श्रेणी में यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, शक्ति एवं आत्मविश्वास का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का सफल संचालन द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित श्री विजय शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है।उनके अनुभव एवं नेतृत्व में प्रतियोगिता पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च तकनीकी मानकों के अनुरूप संचालित हो रही है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुधेश जैन (बीजेपी नेता एवं जैन स्वीट्स के ओनर ), महेश तायल (अध्यक्ष, उद्योग व्यापार मंडल, मोदीनगर) एवं दीपक अहलावत प्रेसिडेंट हरियाणा स्टेट एसोसिएशन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पदक पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के पर्व चौधरी ने जूनियर भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्नैच में 149 किलोग्राम, क्लीन एंड जर्क में 184 किलोग्राम तथा कुल 333 किलोग्राम वजन उठाकर तीनों स्पधाओं में रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने सभी खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया।

# आरकेजीआईटी में एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,** (अनिल वशिष्ठ)। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 3डी प्रिंटिंग विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरकेजीआईटी सहित विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा आधुनिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीक से संबंधित महत्वपूर्ण व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग की मूल अवधारणा, एफडीएम तकनीक, 3डी प्रिंटिंग में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के फिलामेंट तथा उनके गुणों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 3डी प्रिंटर की कार्यप्रणाली, प्रिंटिंग प्रक्रिया के विभिन्न चरणों तथा डिजाइन से लेकर अंतिम उत्पाद तैयार होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया। विभागाध्यक्ष (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) डॉ. पंकज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में 3डी प्रिंटिंग जैसी उन्नत तकनीकों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है। कार्यशाला का समन्वय मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक अंकित एवं डॉ. रवि कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी एवं व्यावहारिक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता व्यक्त की। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने कार्यशाला के सफल आयोजन पर समस्त आयोजन समिति एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# चौधरी अजीत सिंह की 87 वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,** (अनिल वशिष्ठ)। राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व रा ष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार के केबिनेट मंत्री किसानों के मसीहा चौधरी चौ अजीत सिंह जी की सत्तासी वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओ ने हवन किया और चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर माला अर्पण किया। और चौधरी अजीत सिंह के जीवन के संघर्ष और पुनित कार्यो पर गोष्ठी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की। संचालन विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष ने किया। वरिष्ठ उपस्थित गणमान्य नेता गणों ने चौधरी अजीत सिंह के संस्मरण साँझा किये। और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष रामपाल चौ व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि आज एक ऐसे महान नेता को याद करने का समय जिन्होंने किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर संघर्ष किया और हमें सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। हमें उनके भाईचारे की नीति को आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह, सहकारिता के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, ओ.डी. त्यागी प्रदेश सचिव, चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट, अयूब अली एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया एडवोकेट, जयदीप जिला अध्यक्ष युवा, डॉ पूनम गर्ग, सुमन चौधरी, राखी सिंधु महानगर अध्यक्ष महिला, राशि उपाध्यक्ष महानगर सचिव, सरोज अरोड़ा नगर अध्यक्ष महिला,आदि सैंकड़ो लोगो ने चौधरी अजीत सिंह के जन्मदिन पर माला अर्पण किया, और अंत में प्रसाद वितरण किया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर पालिका में कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,** (अनिल वशिष्ठ)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को मद्देनजर रखते हुए गुरुवार को अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन में नगर पालिका परिषद मोदीनगर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की टूलकिट में इंगित महत्वपूर्ण सूचक पर एक विस्तृत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में नगर के सभी वार्ड के सफाई नायकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एस. एस. टूलकिट पर व्यापक रूप से एक एक इंडिकेटर पर चर्चा हुई एवं सफाई नायकों को उनके दायित्व के विषय में बताया गया। टूलकिट में उल्लेखित सभी मानकों को पूरा करने एवं नगर की रैंकिंग और बेहतर करने के लिए एक ठोस रणनीति बनाई गई।कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद मोदीनगर की ओर से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अमरीश कुमार एवं दिनेश कुमार तथा स्वच्छ भारत मिशन की टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# मारपीट एवं उत्पीड़न के विरोध में चल रहा धरना समाप्त



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,** (अनिल वशिष्ठ)। गोविंदपुरी स्थित विशाल मेगा मार्ट में गांव गेजा निवासी मनीष शर्मा के साथ हुई मारपीट एवं उत्पीड़न के विरोध में चल रहा धरना गुरुवार को विशाल मेघा मार्ट के अधिकारियों द्वारा शाखा प्रबंधक के तबादले और पीड़ित मनीष का प्रमोशन किये जाने के बाद समाप्त कर दिया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान ने बताया कि गेजा निवासी मनीष शर्मा पिछले तीन सालों से विशाल मेघा मार्ट में कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि शाखा प्रबंधक ने अपने केबिन में बुलाकर मनीष के साथ अभद्रता की जिसके बाद किसान यूनियन ने मेघा मार्ट पर धरना शुरू किया।गुरुवार को विशाल मेगा मार्ट के एचआर प्रताप एवं जोनल मैनेजर अमित मौर्य मौके पर पहुंचे। कंपनी प्रबंधन ने पूरे घटनाक्रम पर खेद व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से मैनेजर जितेंद्र का मोदीनगर शाखा से तबादला कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मनीष शर्मा को उसी शाखा में पदोन्नति (प्रमोशन) प्रदान करते हुए लिखित पत्र भी सौंपा गया।इसके उपरांत जिला अध्यक्ष (मेरठ) कालू प्रधान एवं गाजियाबाद जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी के नेतृत्व में चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कालू प्रधान, छोटू गेझा, बबलू जटौली, नीरज राठी ,जितेंद्र त्यागी, कपिल पूनिया, अमित छबडिया पवन कौल, मनजीत धाम, अजय, प्रधान, दीपक त्यागी, पूनित प्रधान, प्रिंस त्यागी, सचिन चौधरी, हैदर अली, प्रमोद, जावेद, निर्देश, मनोज तेवतिया आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन ने एसीपी को एक ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,** (अनिल वशिष्ठ)। रामपुर में जिला पंचायत कार्यालय में हुई वकीक फारूख अहमद खान की हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन मोदीनगर ने एसीपी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वकीलों ने हत्यारोपी पर सख्त कार्रवाई एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई है। वकील फारुख की दिनदहाड़े गोली मारकर निमर्म हत्या कर दी गयी थी।इस हत्या की बार एसोसिएशन मोदीनगर घोर भर्त्सना एवं निन्दा करती है उक्त घटना से पश्चिमी उ०प्र० के समस्त अधिवक्ता समाज में काफी गुस्सा एवं रोष है उपरोक्त घटना एक ज्वलनशील घटना है जिसमें बार एसोसिएशन मोदीनगर मृतक अधिवक्ता के परिवार के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ी है, उपरोक्त घटना से अधिवक्ता समाज के अधिकारों का हनन हो रहा है।ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट पूरे देश में लागू करने की ठोस एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करती है।ज्ञापन देने वालों में नकुल त्यागी एडवोकेट (सचिव) बार एसोसिएशन मोदीनगर के अलावा राजकुमार गुप्ता, सुधीर वशिष्ठ, राकेश कुमार, अजित कुमार, देवेश कुमार, नितिन कुमार, राजकुमार चौधरी, वेदप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पाक्सो एक्ट के आरोप में वांछित गिरफ्तार




वेलकम इण्डिया

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना पुलिस ने गुरुवार को फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त ओम प्रकाश को गिरफ्तार किया है। ओम प्रकाश थाना क्षेत्र के कलनाखोर का निवासी है और उसके खिलाफ पहले से ही पाक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के एक व्यक्ति ने ओम प्रकाश पर घर से शौच गई नाबालिक लड़की को जबरन उठा कर केले के खेत में दुष्कर्म कर जान से मारने का आरोप लगाया था। शिकायत के बाद आरोपी फरार हो गया था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 11:40 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ओम प्रकाश ओए तिराहे के पास मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक रवि प्रताप सिंह, कांस्टेबल अजीत कुमार शामिल रहे।

# क्षेत्राधिकारी बिलासपुर द्वारा थाना खजुरिया परिसर में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बिलासपुर द्वारा थाना खजुरिया परिसर में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी के दौरान आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी बिलासपुर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय से आपसी सहयोग बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री के प्रसारण से बचने हेतु जागरूक किया गया एवं साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित पैदल गश्त, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी तथा सीसीटीवी के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने का आग्रह किया गया। सम्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा भी शांति, सद्भाव और कानून का पालन करने एवं पुलिस प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

# हत्या की घटना का सफल अनावरण कर प्रकाश में आये 02 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना मिलक पर मु0अ0सं0 516/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अभियुक्तगण 1. विरेन्द्र (बाईस्तवा), 2. हरप्रकाश (बाईस्तवा), 3. कृष्णपाल (बाईस्तवा) पुत्र गण स्व0 सोहनलाल निवासी गण ग्राम रामनगर की गौटिया थाना मिलक जनपद रामपुर पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण 1. याकूब पुत्र स्व0 हिमायत अली निवासी लोहा पट्टी भोलानाथ थाना मिलक रामपुर 2. मान सिंह पुत्र शंकर लाल मौर्या निवासी ग्राम रामनगर की गोटिया थाना मिलक जनपद रामपुर के नाम प्रकाश में आये । पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना मिलक पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. याकूब पुत्र स्व0 हिमायत अली, 2. मान सिंह पुत्र शंकर लाल मौर्या उपरोक्त को उनके मस्कन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।




# सवर्ण महासभा ने यूजीसी के पुतले को गधे रुपी ट्रीरी पर बैठाकर शहर में जुलूस निकाला

वेलकम इंडिया










**गाजियाबाद।** सवर्ण महासभा द्वारा यूजीसी का विरोध अनोखे ढंग से किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने यूजीसी जैसे काले कानून का पुतला गधे रूपी ट्रीरी पर बैठाकर पूरे शहर में उसका जुलस निकाला तो यूजीसी के खिलाफ लोगों का सैलाब उमड पडा। यूजीसी के पुतले का जुलूस गधे रूपी ट्रीरी पर नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ से प्रारंभ होकर दुर्गा भाभी चौक, सिहानी गेट, चोपला मंदिर, घंटाघर पर समाप्त हुआ। जुलूस-प्रदर्शन की सबसे प्रमुख बात यह रही कि उसमें सभी सात सवर्ण वर्गों के प्रतिनिधियों अपने सर पर विरोध स्वरूप काला कफन बांधकर शामिल हुए। हाथों में विरोध पट्टका लिए हुए थे उन्होंने यूजीसी के काले कानून के प्रति अपना गुस्से का प्रदर्शन किया। ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान प्रवक्ता सवर्ण महासभा ने कहा कि मोदी सरकार या अब तक जितनी भी सरकारें भारत में बनीं, उन सभी ने सवर्ण समाज का एक गधे के रूप में इस्तेमाल किया और उसके ऊपर आरक्षण, टैक्स चोरी, उत्पीड़न जैसे ना जाने कितने कानून थोप डाले और सवर्ण समाज भी एक गधे की तरह ,बगैर किसी विरोध किए हुए सब कुछ सहन करता रहा। सवर्ण समाज अपने स्वार्थ, सम्मान, हित व अधिकारों की चिंता किए बिना समाज व देश के हित में कार्य करता रहा और देश को विकास के शिखर तक पहुंचाता रहा और सरकारें तरह-तरह के कानून बनाकर सवर्ण समाज का उत्पीडन करती रहीं। सरकारों की नजर में देश के कानून सिर्फ सवर्ण समाज के लिए ही हैं, अन्य वर्गों पर कोई कानून लागू ही नहीं होता है। सरकारों द्वारा सवर्ण समाज को दबाने-कुचलने के हर प्रकार के प्रयास करने के बावजूद उसने उफ तक नहीं की और समाज व देश हित में कार्य करता रहा, मगर अब सरकार ने यूजीसी के काले कानून द्वारा समाज के बच्चों व आने वाली पीढी को बर्बाद करने का षडयंत्र रचा तो समाज के लोगों की सहनशीलता ने जवाब दे दिया है। हम सवर्ण समाज के व्यक्ति अपने उपर किए जाने वाले हर प्रकार के उत्पीडन व जुल्म को सहन कर सकते हैं, मगर बात जब हमारे बच्चों के भविष्य की होगी तो हम चुप नहीं बैठेंगे और यूजीसी जैसे काले कानून को लागू नहीं देंगे, इसके लिए समाज का प्रत्येक व्यक्ति मरते दम तक लडने के लिए तैयार है। संयोजक सेवाराम त्यागी ने बताया कि यह प्रदर्शन उस उत्पीडन के विरोध का प्रतीक है, जो पिछले 75 सालों से सरकारे सवर्ण समाज के साथ करती आ रही हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। अब सभी समाज एकजुट होकर अंतिम क्षण तक इस लड़ाई को लड़ेंगे। संयोजक सुरेश शर्मा ने कहा कि यह सरकार जगह-जगह हिंदू सम्मेलन तो कर रही है लेकिन हिंदुओं को खुद ही बांट रही है। दलित ओबीसी भी तो हिंदू ही है, उन्हें इस कानून से अलग करके इन्होंने हिंदू समाज के बीच विभाजन का नया षड्यंत्र रचा है, जिसे दलित व ओबीसी समाज भी समझ रहा है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सभी सवर्ण वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए और यूजीसी कानून एवं आरक्षण कानून को समाप्त करने के लिए नारे लगाए तथा शहर के वर्तमान व पूर्व सावर्ण जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध भी अपना गुस्से का इजहार किया कि शहर में सात सवर्ण जनप्रतिनिधि है लेकिन सभी मुंह में ताला लगाए बैठे हैं। सभी अपने पदो की लोलुपता के कारण इस काले कानून का विरोध करने की हिम्मत तक नहीं उठा पा रहे हैं। इस अवसर पर महाकाली के रूप में डॉक्टर उदिता त्यागी, सहसंयोजक सुनील निगम, सहसंयोजक, प्रेमचंद त्यागी महानगर संयोजक पंडित अशोक भारतीय सहसंयोजक मास्टर स्वरूपचंद शर्मा सहसंयोजक सतीश चोपड़ा सह संयोजक नरेंद्र गुप्ता नंदी सहसंयोजक संजय चौहान, अवधेश सिंह प.अशोक भारतीय संजय चौहान पियूष सेगर डा.दीपक राणा डा.गौरव सैनी (गोपाल) जे.के शर्मा विक्रम दत, विवेक कुमार संदीप सिंहल गौरव शर्मा नितिन रावल दिवेश शर्मा दो बृजपाल शर्मा, अरविंद कुमारशर्मा, प्रदीप कुमार देबूदेश सिंह बी.एन अग्रवाल अरुप त्यागी अजय त्यागी बिजेंद्र त्यागी पुनीत त्यागी सतीश चोपड़ा शिव कुमार शर्मा हरीश शर्मा संजीव कौशिक कुलदीप शर्मा सुनील शर्मा सुरेश चंद शर्मा डा.नानक सिंह तोमर राजन शर्मा हरी शंकर शर्मा श्री कृष्णा शर्मा सर्वेश कुमार शर्मा डा.संजय कुमार डा.एस.के मिश्रा डा. दिलीप कुमार प्रेमचंद त्यागी धन प्रकाश त्यागी अनिल कुमार पवन कुमार डा.नरेंद्र मेहता राजेश गुप्ता नीरज शर्मा अंकुर गर्ग ओमप्रकाश गुप्ता जयप्रकाश गुप्ता देवेंद्र शर्मा सरूप चंद शर्मा राकेश अरोड़ा संजीव अग्रवाल आर के गोयल डॉ एस के शर्मा, प्रकाश शर्मा अशोक कुमार गौरव अग्रवाल अनिल त्यागी सोमिंन्द्र त्यागी राजीव अग्रवाल संजय शर्मा अरुण कुमार अग्रवाल आर.एस शर्मा महेश त्यागी अजय त्यागी बाबा नितिन त्यागी सहित हजारों सवर्ण का कुटुम्ब कबीला मौजूद था।

> 75 साल से सवर्ण समाज गधे की तरह सरकारों का उत्पीडन सह रहा है, मगर अब अपने बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे : बी के शर्मा हनुमान

> सवर्ण महासभा के पदाधिकारियों ने सर पर काला कफन बांधकर यूजीसी का विरोध किया और सरकार को उखाड फैंकने की चुनौती दी!

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान अधिवक्ताओं और किसानों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी महोदय को निवेदन किया गया। जनसुनवाई के दौरान एक विक्लांग युवक ?फुरकान निवासी डासना द्वारा ?डीएल बनवाने हेतु निवेदन किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा आरटीओ विभाग को निर्देशित किया गया कि उक्त का डीएल हेतु आवेदन सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएं इसके साथ ही उक्त युवक को अन्य योजनाओं के तहत लाभ दिलाने हेतु भी सम्बंधित विभागाधिकारी हो निर्देशित किया गया। जिससे उसे अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ प्राप्त हो सकें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया। जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देशित दिए गये। दिव्यांगजन कल्याण विभागः जिलाधिकारी महोदय ने ?दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया, जनपद में दिव्यांगजनों का चिन्हिकरण किया जाएं और उन्हें पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई–वाईकिल सहित संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस सम्बंध में यदि किसी विभाग द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है तो उसके लिए हमें अवगत कराएं। शस्त्र लाईसेंस (विरासत): जिलाधिकारी महोदय ने विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाने हेतु निर्देशित किया। कहा कि विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों के सम्बन्ध में आवेदक किसी भी कार्यदिवस में शस्त्र अनुभाग, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में सम्पर्क कर सकते है तथा शस्त्र लाइसेंस सम्बन्धी प्रकरणों में किसी भी प्रकार की शिकायत/असुविधा होने पर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता है। अवैध कब्जा/भूमाफियाओं के खिलाफ अभियानः जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोनी क्षेत्र से प्राप्त हो रही भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय और कमिश्नर महोदय द्वारा संयुक्त टीम गठित करते हुए लोनी को अवैध कब्जाधारियों/भूमाफियाओं से निजात दिलाने के लिए अभियान के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग गाजियाबाद की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महोदय श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल महोदय की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय द्वारा सबसे पहले जनवरी माह की समीक्षा बैठक के बिंदुओ पर अब तक हुई प्रगति को पटल पर रखा गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षक संपर्क एप से शिक्षण कराएं, डाटा को नियमित रूप से सिंक कराएं। अब जनपद के 100% विद्यालय संपर्क टीवी से आच्छादित हो गए हैं। चिंपल ऐप का अभी केवल 60% डाउनलोड हुआ है। इसे 100% किया जाए, शिक्षक बच्चों को कार्य जरूर असाइन करें। चिंपल ऐप से कक्षा 1, 2 के अभिभावको को अधिक से अधिक जोड़े, एआरपी अपने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में तथा बीईओ अपनी एचएम मीटिंग में चिंपल ऐप से शिक्षकों को अवगत कराएं। शिक्षक वीकली असेसमेंट ट्रैकर को भरें। निपुण प्लस ऐप्स से नियमित आकलन कराएं। बेसलाइन असेसमेंट का कार्य अच्छा हुआ है, अब बी कैटेगरी के बच्चो को ए और सी कैटेगरी वाले बच्चो को बी कैटेगरी मे लाने का कार्य किया जाए। एसआईआर में ज्यादातर शिक्षको की ड्यूटी लग जाने से बच्चों का अध्ययन प्रभावित न हो इसके लिए विद्यालय स्तर पर योजना बनाई जाए। मार्च में मेगा पीटीएम को करने और पीटीएम को सफल बनाने के लिए एआरपी, एसआरजी, डीसी मिलकर योजना बनाएं और उसे क्रियान्वित करें। डीटीएफ/ बीटीएफ के निरीक्षण जनवरी मे पूरा हुआ है फरवरी मे भी पूरा किया जाए। संघर्षशील स्कूलों पर अधिक ध्यान दें। किचन गार्डन का बेहतर उपयोग किया जाए, इसके लिए मालियों से सहयोग लेने पर विचार किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षण क्षेत्र में कार्य करने का मतलब है सेवा भाव से सम्पूर्ण समाज को शिक्षित व संस्कारवान करना/करवाना, अशिक्षा सम्बंधित अन्य कुरूतियों को समाज से फेंकने में प्रयासरत रहना और यह हमारा मकसद होना चाहिए। हम सभी को चाहिए कि हम समाज में सभी को शिक्षित बनायें और बच्चों को नये–नये आयामों के माध्यम से नवीनतम जानकारी व शिक्षा प्रदान करें, जिससे बच्चों का भविष्य उज्जल हो सके।